Daily
लोकसभा चुनाव - 2024
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Sunday, 02 June 2024 ● Year : 02 ● Issue : 134 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	73,961.31
निफ्टी	:	22,530.70

SARAFA

सोना	:	6,810
चांदी	:	98.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

मिट्टी खोदाई के दौरान हादसा, दो की मौत

RANCHI : रांची के बेड़ो इलाके में मिट्टी खोदाई के दौरान हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। मिली जानकारी के अनुसार इलाके में व्हाइट मिट्टी की कटाई चल रही थी इसी दौरान जमीन धंस गई जिसमें कई लोग दब गए। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा ही तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया इसमें दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया लेकिन दो लोगों की मौत हो गई। रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र के बोदो गांव में मिट्टी खुदाई का कार्य पिछले दो दिनों से चल रहा था। जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में खुदाई के कार्य में लगे हुए थे, खुदाई के दौरान ही अचानक मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा धंस गया।

फ्लाइट में बम होने का शक मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

MUMBAI : चेन्नई से मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार को बम होने का शक हुआ। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी डिक्लेयर करके लैंडिंग कराई गई। इसमें 172 पैसेंजर्स थे। फिलहाल, फ्लाइट में तलाशी ली जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट नंबर 6ई-5314 आज सुबह करीब 6.50 बजे चेन्नई से रवाना हुई थी। मुंबई जाने के दौरान इसमें एक लावारिस रिमोट मिला। इसके बाद पायलट ने मुंबई एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी और इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। मुंबई एयरपोर्ट पर सुबह 8.45 बजे फ्लाइट की लैंडिंग हुई।

लोकसभा चुनाव 2024 : 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर डाले गए वोट

सातवें फेज में 58 प्रतिशत हुई वोटिंग

AGENCY NEW DELHI : शनिवार को लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज की वोटिंग पूरी हो गई। 1 जून को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट एप के मुताबिक शाम 5 बजे तक 58.34% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 69.89% वोटिंग पश्चिम बंगाल में और सबसे कम 48.86% वोटिंग बिहार में हुई है। इसके अलावा ओडिशा में विधानसभा चुनाव के लिए 62.46% वोटिंग हुई। 4 राज्यों की 9 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। बलिया में वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग की पोलिंग बूथ पर मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बुजुर्ग की मौत गर्मी की वजह से हुई। सातवें चरण में भी पश्चिम बंगाल से हिंसा की खबरें आई हैं। पश्चिम बंगाल के भांगर में सीपीआई (एम) और आईएसएफ के कार्यकर्ताओं ने टीएमसी समर्थकों पर बम से हमले का आरोप लगाया है। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने ट्वीट करके बताया कि जयनगर के बेनीमाधवपुर स्कूल के पास सेक्टर ऑफिसर से भीड़ ने रिजर्व ईवीएम और कागजात लूट लिए। 1 सीयू, 1 इव और 2 वीवीपीएटी मशीनों को तालाब में फेंक दिया गया। बता दें कि 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हुआ था। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग हुई।

चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट के मुताबिक आंकड़े

पश्चिम बंगाल	हिमाचल प्रदेश	चंदीगढ़	बिहार
69.89 प्रतिशत वोटिंग	66.56 प्रतिशत वोटिंग	62.80 प्रतिशत वोटिंग	48.86 प्रतिशत वोटिंग

मतदान करने का निशान दिखाते वोटर।

पश्चिम बंगाल में बमबाजी व लाठीचार्ज, तृणमूल समर्थक गिरफ्तार, बीजेपी ने रास्ते को किया जाम

पश्चिम बंगाल में सातवें व आखिरी चरण के मतदान के दिन भी बशीरहाट लोकसभा केंद्र के संदेशखाली में जमकर हिंसा हुई। कथित तौर पर वहां भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच बार-बार झड़प हुई। झड़प में तृणमूल की क्षेत्रीय अध्यक्ष समेत दो लोग घायल हो गये हैं। वहीं एक बीजेपी कार्यकर्ता भी घायल हो गया है। संदेशखाली के बयारमारी में तनाव बढ़ता जा रहा है। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। बीजेपी ने तृणमूल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और रास्ता अवरोध किया। कथित तौर पर संदेशखाली के बयारमारी में झड़प के कारण तृणमूल के दो लोग घायल हो गये। इनमें तृणमूल कांग्रेस की क्षेत्रीय अध्यक्ष नलिनी खाटुआ भी शामिल हैं। झड़प में कथित तौर पर एक बीजेपी कार्यकर्ता घायल हो गया है। उसका नाम किंकर जाना है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कुछ लोग बूथ के सामने जमा होकर तृणमूल कार्यकताओं पर तंज कस रहे थे। तृणमूल ने बीजेपी पर आरोप लगाया है। बीजेपी ने शिकायत करते हुए कहा कि तृणमूल कार्यकताओं ने भी आपत्तिजनक बयान दे रहे थे। इसके कारण बहस व झगड़ा शुरू हुआ। घायलों का इलाज हाटगाछी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। संदेशखाली के तृणमूल विधायक सुकुमार महतो ने घायल तृणमूल के लोगों को अस्पताल में देखने गये। इधर, घटना को लेकर बयारमारी में ग्रामीणों का एक समूह पुलिस के साथ उलझ गये।

झारखंड में तीन सीटों पर वोटरों ने डाले मत

दुमका लोस सीट	गोड्डा लोस सीट	राजमहल लोस सीट
69.89 प्रतिशत वोटिंग	67.24 प्रतिशत वोटिंग	66.98 प्रतिशत वोटिंग

दुमका, गोड्डा और राजमहल सीट पर 67.95 प्रतिशत हुआ मतदान

RANCHI : रिमझिम बारिश और दोपहर में कड़ी धूप के बावजूद संताल परगना के मतदाताओं ने जमकर वोटिंग की। शाम पांच बजे तक के चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक संताल परगना की तीनों सीटों पर 67.95 प्रतिशत वोटिंग हुई। हालांकि अभी इसमें कुछ प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। सबसे अधिक वोट दुमका लोकसभा क्षेत्र में पड़ा है। यहां 69.89 प्रतिशत वोटरों ने वोट किया है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में 67.24 प्रतिशत और राजमहल लोकसभा क्षेत्र में 66.98 प्रतिशत वोट पड़े हैं। पिछली बार की तुलना में इस बार वोटिंग प्रतिशत में कमी आयी है। 2019 के मतदान के आंकड़े को देखें तो गोड्डा में 69.57 प्रतिशत, दुमका में 73.43 और राजमहल में 72.05 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखंड के संताल परगना की तीनों लोकसभा क्षेत्रों में छिटपुट घटनाओं, झड़प को छोड़ शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न हो गया। गोड्डा के पोड़ैयाहाट, मेहरमा, महागामा इलाके में भाजपा-कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प हुई। पोड़ैयाहाट में मारपीट मामले में एफआइआर भी दर्ज कराया गया है।

कई जगहों पर वोट बहिष्कार, प्रशासन ने समझा-बुझाकर कराया मतदान

संताल परगना में कई जगहों पर वोट बहिष्कार का ऐलान ग्रामीण इलाकों में किया गया था, लेकिन सभी जगहों पर जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मनाया और मतदान के लिए राजी किया। उसके बाद सभी जगहों पर लोगों ने मतदान किया। पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में चार जगहों पर और महेशपुर प्रखंड क्षेत्र में तीन जगहों पर मतदान बहिष्कार की सूचना सामने आयी। लिट्टीपाड़ा प्रखंड में बूथ संख्या-40 के कारीपहाड़ी गांव, बूथ संख्या-43 में गांडूपड़ता गांव, मुर्गाबनी गांव के बूथ संख्या-21 और मालीपाड़ा गांव के बूथ संख्या-18 पर ग्रामीणों ने सड़क और पानी की समस्या को लेकर वोट का बहिष्कार किया था। देवीपुर में बूथ नंबर 31 और 32 और मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के बोकना नवाकुरा गांव बूथ संख्या 413 में ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार किया था, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा देकर वोटिंग चालू करवाया। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों दुमका, राजमहल और गोड्डा पर मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखा।

दबोचे गए बिश्नोई गिरोह के चार लोग

बॉलीवुड स्टार सलमान की कार पर हमले का था प्लान

AGENCY MUMBAI : शनिवार को बॉलीवुड एक्टर सलमान खान पर एक बार फिर से हमला करने की कोशिश को मुंबई पुलिस ने नाकाम कर दिया है। नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जो पनवेल में सलमान की कार पर अटैक करने की प्लानिंग कर रहे थे। आरोपियों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ न्हाई, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और जीशान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर हुई है। चारों के खिलाफ आईपीसी की धारा 115, 120 (बी), 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बराड़ समेत कुल 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शनिवार दोपहर पुलिस ने इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए नई जानकारी दी। पनवेल जोन 2 के डीसीपी विवेक पनसारे ने कहा- सलमान खान की हत्या की प्लानिंग को लेकर हमे कुछ इन्फॉर्मेशन मिली था।

खास बातें

- 12 आरोपियों की तलाश जारी
- नाबालिग से अटैक करवा कर श्रीलंका में छुपने की बनाई थी योजना
- जिगाना पिस्टल से अटैक करने का था प्लान
- वीडियो कॉल कर पाकिस्तान से ऑर्डर की थी एके-47

बाराती बन पहुंची प्रशासन की टीम, गाड़ी पर लगे थे विवाह के पोस्टर

बालू माफिया के खिलाफ कड़ा एक्शन, 16 हाइवा एक जेसीबी, 240000 क्यूबिक फीट बालू जब्त

PHOTON NEWS SARAIKELA : अवैध बालू खनन के खिलाफ सरायकेला-खरसावां जिले में बड़ी कार्रवाई हुई है। इस कार्रवाई से बालू का अवैध खनन करनेवाले माफिया सकते में आ गए हैं। दरअसल, उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जिले में नदी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। सरकारी सिस्टम में बैठे कुछ लोगों की मिली भगत के कारण माफिया हर बार बच निकल रहे हैं। इसके बाद ऐसी योजना तैयार करने की सोची गई, जिससे खनन माफिया को भनक नहीं लगे।

तीन अलग-अलग गाड़ियों में निकला छापामारी दल : उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर प्रशासन की टीम जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर शतपथी के नेतृत्व में तीन अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर छापेमारी करने के लिए निकली। अवैध धंधे में शामिल लोगों को कोई शक न हो इसके लिए वाहनों पर विवाह के पोस्टर भी लगाए गए थे। इसके अलावा दो सरकारी गाड़ियों को अलग-अलग चौराहों पर खड़ा कर दिया गया।

- खनन माफिया के गुप्तचरों को तीन छापेमारी दल की नहीं लग सकी भनक

छापेमारी से बचने के लिए चौक-चौराहे पर गुप्तचर बैठाकर रखते हैं माफिया

छापेमारी से बचने के लिए माफिया अक्सर नदी घाट जाने वाले रास्ते में पडने वाले सभी चौक-चौराहों पर अपने गुप्तचर बैठाकर रखते थे। इसके पहले दो बार खनन विभाग की तरफ से छापेमारी का प्रयास किया गया लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही खनन कार्य में लगे लोगों को इसकी जानकारी हो जाती थी और वह मौके से फरार हो जाते थे।

अवैध बालू खनन की सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। खनन विभाग की टीम मामले को देख रही है।
रवि शंकर शुक्ला, उपायुक्त, सरायकेला-खरसावां।

ईचागढ़ के बीरडीह में डोमरा नदी घाट पर की गई कार्रवाई

इसके बाद पूरी टीम ईचागढ़ प्रखंड के बीरडीह में डोमरा नदी घाट पर पहुंची। इस दौरान छापेमारी कर अवैध बालू खनन और परिवहन में लगे कुल 16 हाइवा और एक जेसीबी को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई में 2,40,000 सीएफटी (क्यूबिक फीट) बालू बरामद किया गया है। यह करवाई झारखंड लघु खनिज समनुदान अधिनियम 2004 के नियम 54 तथा द झारखंड मिनिरल(प्रिवेंशन इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) रूल 2017 के अंतर्गत की गई है। जब्त किए गए सभी वाहन और खनिज को ईचागढ़ थाना प्रभारी को सौंप दिया है।

10 एग्जिट पोल में एनडीए 350 पार, 'इंडिया' अलाएंस को मिल रहीं 125-161 सीटें

एग्जिट पोल 2024
कुल सीटें- 542 बहुमत- 272

एजेंसी	NDA बीजेपी+	INDIA कांग्रेस+	अन्य
SAAM- जन की बात	362-392	141-161	10-20
इंडिया न्यूज- पोलस्ट्रैट	371	125	47
रिपब्लिक भारत- मैट्रिज	353-368	118-133	43-48
रिपब्लिक टीवी- P MARQ	359	154	30
इंडिया न्यूज- डी डायनामिक्स	371	125	47
न्यूज नेशन	342-378	153-169	21-23
इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया	00	00	00
एबीपी- सी वोटर्स	00	00	00
न्यूज 24- टुडेज-चाणक्य	00	00	00
दैनिक भास्कर*	281-350	145-201	33- 49
पोल ऑफ पोल्स	**359**	**145**	**37**

AGENCY NEW DELHI : शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातों फेज की वोटिंग खत्म हो गई, नतीजे 4 जून को आएंगे। लेकिन उससे पहले तमाम न्यूज चैनलों और एजेंसियों के एग्जिट पोल। 10 एग्जिट पोल में एनडीए को 350 से ज्यादा तो 'इंडिया' को 125 से 161 सीटें मिलने का अनुमान है। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के पोल में तमिलनाडु में 'इंडिया' को 33-37 सीटें, भाजपा को 2-4 सीटें मिलने के आसार हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा को एकतरफा बढ़त मिलती दिख रही है। एमपी की 29 सीटों में से भाजपा को 28 से 29 और वहीं राजस्थान में भी 23 से 25 सीटें मिलने का अनुमान है।

एग्जिट पोल बहस में शामिल होंगे 'इंडिया' गठबंधन के नेता : लोकसभा चुनाव 2024 के 7वें और आखिरी चरण के मतदान से पहले 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बैठक हुई। बैठक के बाद खरगे ने कहा, हमारी कम से कम 295 सीट आएंगी। खरगे ने यह भी कहा कि गठबंधन के नेता एग्जिट पोल के बहस में शामिल होंगे। इससे पहले फैसला लिया गया था, गठबंधन के कोई भी नेता बहस में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव 2019 में मोदी लहर में सवार एनडीए की प्रचंड जीत हुई थी। एनडीए ने कुल 353 सीटें जीती थी। जिसमें बीजेपी ने 543 सीटों में अकेले 303 सीटों पर कब्जा किया था।

मिशन 2024 एग्जिट पोल आने के पहले अलाएंस के वरिष्ठ नेताओं ने मीटिंग कर बनाई आगे की रणनीति

'इंडिया' गठबंधन ने किया 295 सीटें जीतने का दावा

AGENCY NEW DELHI : शनिवार को लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल से एक घंटे पहले कांग्रेस ने 'इंडिया' को कम से कम 295 सीटें मिलने का दावा किया। यह ऐलान गठबंधन की बैठक के बाद किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1 जून को कहा कि 'इंडिया' की बैठक ढाई घंटे से ज्यादा चली। उन्होंने बताया कि हमने चुनाव के दौरान हुई कमजोरियों और ताकत पर चर्चा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'इंडिया' गठबंधन की 295 और उससे ज्यादा सीटें आएंगी। इससे कम तो नहीं आएंगी, ये हमने आकलन किया है। हमारे सभी नेताओं से पूछने के बाद यह आंकड़ा मिला है और इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं है। खड़गे ने मीडिया से कहा, 'हम यूनाइटेड हैं, आप हमें डिवाइड क्यों कर रहे हैं। हम सभी लोग एक साथ हैं। हम एक हैं, एक रहेंगे, हमें डिवाइड करने की कोशिश नहीं करें। हमने निर्णय लिया है कि हम लोग एग्जिट पोल डिबेट में चर्चा करेंगे।' 'इंडिया' की बैठक में 23 नेता शामिल हुए। ममता बनर्जी शामिल नहीं हुईं। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'इंडिया गठबंधन को 295+ सीट मिल रही हैं। बीजेपी 220 सीटों पर सिमट जाएगी। एनडीए गठबंधन को 235 के करीब सीट मिल रही हैं। इंडिया' सरकार बनाएगी।'

'इंडिया' गठबंधन की 295 और उससे ज्यादा सीटें आएंगी। इससे कम तो नहीं आएंगी, ये हमने आकलन किया है। हमारे सभी नेताओं से पूछने के बाद यह आंकड़ा मिला है और इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं है।
मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस।

इन लोकसभा चुनावों में 'इंडिया' गठबंधन झारखंड की 14 सीटों समेत देश में 295+ सीटें जीतने जा रहा है। सभी उम्मीदवार व कार्यकर्ता 4 जून को मतगणना खत्म होने तक, पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत एवं सावधान रहें।
चम्पाई सोरेन, सीएम, झारखंड।

पूरी हुई पीएम की 45 घंटे की ध्यान साधना

KANNIYAKUMARI : 30 मई को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 45 घंटे की ध्यान साधना के लिए कन्याकुमारी निकल गए थे। 1 जून यानी शनिवार को उनकी ध्यान साधना पूरी हो गई। साथ ही सातवें अंतिम चरण की वोटिंग की प्रक्रिया भी खत्म हो गई। मोदी ने एक खास मकसद से यह ध्यान से साधना शुरू की और उसका मकसद भी पूरा हो गया। पीएम ने कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने ध्यान लगाया।

पुस्तक समीक्षा

समीक्षक : डॉ. जूही समर्पिता
प्राचार्या, डी.बी.एन.एस.कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जमशेदपुर सह कथाकार



मगध का पाषाण पुरुष : दशरथ मांझी

राष्ट्रीय और सामाजिक कल्याण के लिए चार तरह के ऋणों से उऋण होना हर 'सज्जन' पुरुष के लिए आवश्यक माना गया है। यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी होती है कि वह अपने जीवन काल में ही मातृ-पितृ ऋण चुका दे, जो आसान नहीं होता। मातृभूमि का ऋण चुकाना हर आदर्श नागरिक का कर्त्तव्य होना चाहिए। अपने देश के प्रति वफादार हर नागरिक को मातृभूमि के संरक्षण और सतत विकास से चुकाना अति आवश्यक कहा गया है।

डॉ. सज्जन ने कथा काव्य दशरथ मांझी लिख कर सभी ऋणों से मुक्त होने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं।

दशरथ मांझी के गांव गहलौर के ही पास के गांव पूरा में सज्जनजी का जन्म, लालन-पालन और शिक्षा-दीक्षा हुई। यह उनका सौभाग्य रहा है कि बुद्ध और अशोक की इस धरती पर उन्हें दशरथ मांझी जैसे प्रेरक व्यक्तित्व को अपनी आंखों से देखा और अच्छी तरह जानने का अवसर मिला। दशरथ मांझी के पास छेनी और हथौड़ी थे, जिससे उन्होंने नयी राह बनाई। डॉ. सज्जन के पास उनकी लेखनी थी, जिसके सहारे उन्होंने उस दुर्गम राह को काव्यमयी रसधारा से जोड़कर जनमानस तक पहुंचाया और साहित्य जगत में विशिष्ट पहचान बनायी। धन्य है मगध की भूमि जिसने ऐसे सपूतों को जन्म दिया, जिन्होंने स्व का बलिदान कर मातृभूमि के ऋण को चुकाया और इस चंदन-वंदन की भूमि को अमरता प्रदान की। तुलसीदास ने सही लिखा है ' कहत कठिन, समुझत कठिन, साधत कठिन विवेक...

'कठिन साधना का संकल्प प्रिय
वह जन्म अलग कुछ लेता है
धूप ताप में तपता तन मन
जग शूर सूरमा देता है। '

(पुस्तक से)

दशरथ मांझी कथा काव्य डॉ. सज्जन की 24वीं कृति है। इसका मुख्य पृष्ठ यानी कवर उनकी सुपुत्री आभा ने बनाया है, जो सर्व-धर्म समभाव का संदेश देता है। यह मातृभूमि हम सभी संकल्पित, दृढ़ प्रतिज्ञ, भारतवासियों की है। प्रेरणादायक दशरथ मांझी के जीवन से पाठकों को देशभक्ति के प्रणम्य नायक का परिचय प्राप्त होता है। समाज के लिए उन्नत मानदंड रखने वाले पाषाण पुरुष को पुनः शत-शत नमन!

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

उत्तर-पूर्वी भारत का प्रवेशद्वार : गुवाहाटी

घुमक्कड़ की पाती बुद्ध का निर्वाण स्थल गुवाहाटी की सबसे प्रमुख जगहों में आती है। हम सब गुवाहाटी पहुंचकर सबसे पहले इसी जगह पर गए। आप भी अपनी गुवाहाटी ट्रिप के दौरान कुछ अलग और हटकर देखना चाहते हैं, तो हाजो एक बेहतरीन जगह है।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं की शानदार पहाड़ियों के बीच स्थित गुवाहाटी जाना मेरे लिए एक सपने की तरह था। बहुत पहले से सोच रखा था कि इस खूबसूरत पर्यटन स्थल पर एक न एक दिन जाना है। लेकिन मेरा यह सपना पिछले साल पूरा हुआ तो यात्रा के कुछ अलहदा अनुभवों से होकर गुजरना पड़ा। गुवाहाटी पहुंचने के बाद पता चला कि यह वह जगह है जिसे उत्तर-पूर्वी भारत का प्रवेशद्वार कहा जाता है। इसी जगह से होकर ही लोग नॉर्थ-ईस्ट की अन्य जगहों पर जाते हैं। इस जगह पर घूमने और देखने के लिए काफी कुछ है। प्रकृति प्रेमियों के लिए तो ये किसी जन्नत की तरह है। इस जगह पर आकर आप प्राकृतिक खूबसूरती का मजा लेने के साथ साथ साहसिक गतिविधियों का भी हिस्सा बन सकते हैं। इस जगह पर साहसिक पर्यटन से जुड़ी कई इकाईयां हैं जो पर्यटकों की यात्रा को रोमांचक बनाने में लगी हैं। यदि गुवाहाटी जाने का विचार बना रहे हैं तो बुद्ध का निर्वाण स्थल गुवाहाटी, कामाख्या मंदिर, उमानंद मंदिर और असम राज्य संग्रहालय घूमना बिलकुल भी नहीं भूलें।

बुद्ध का निर्वाण स्थल

बुद्ध का निर्वाण स्थल गुवाहाटी की सबसे प्रमुख जगहों में आती है। हम सब गुवाहाटी पहुंचकर सबसे पहले इसी जगह पर गए। आप भी अपनी गुवाहाटी ट्रिप के दौरान कुछ अलग और हटकर देखना चाहते हैं, तो हाजो एक बेहतरीन जगह है। ब्रह्मपुत्र के तट पर स्थित यह प्राचीन तीर्थस्थल गुवाहाटी से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस जगह पर धार्मिक रुचि रखने वाले पर्यटकों की आवाजाही ज्यादा रहती है। इस जगह पर हिन्दू और बौद्ध धर्म में आस्था रखने वाले लोगों की भीड़ रहती है। ऐसी मान्यता है कि बुद्ध ने इसी स्थल पर निर्वाण प्राप्त किया था। हमें लगा कि सबसे पहले इस जगह पर जाना चाहिए और अगली सुबह कामाख्या मंदिर का दर्शन करना चाहिए। यह बात सभी को अच्छी लगी और हम सब बुद्ध के निर्वाण स्थल की तरफ निकल गए। वास्तव में यह एक बहुत ही खूबसूरत जगह है।

शक्तिपीठ कामाख्या

अगले दिन हम देवी शक्ति के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में शुमार कामाख्या मंदिर दर्शन के लिए गए। यह एक लोकप्रिय स्थल होने के साथ साथ प्राचीन काल से सतयुगीन तीर्थ का दर्जा रखता है। 51 शक्तिपीठों में शामिल यह मंदिर बहुत ही चमत्कारी मंदिर माना जाता है। एक तरह से देखा जाए तो यह वर्तमान में तंत्र सिद्धि का सर्वोच्च स्थल है। इस जगह पर आपको अघोरियों और तांत्रिकों का पूरा कुनबा दिखाई देगा। देवी के इस मंदिर में कोई मूर्ति या चित्र दिखाई नहीं देता है, बल्कि यहां एक कुंड बना हुआ है, जो हमेशा फूलों से ढंका रहता है, उसी को देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं।

मयूर द्वीप

इसी दौरान एक दोस्त ने हमें उमानंद मंदिर जाने की सलाह दी। ब्रह्मपुत्र नदी के बीच एक बहुत ही खूबसूरत द्वीप है, जिसे लोग मयूर द्वीप के नाम से जानते हैं और इसी जगह पर स्थित है उमानंद मंदिर। हमें इस द्वीप पर बहुत ही मजा आया और हमने आस्था के साथ साथ यात्रा के रोमांच को भी एंज्वॉय किया। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर गुवाहाटी के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का निर्माण वर्षों पहले अहोम राजा गदाधर सिंह के शासन में हुआ था। इस जगह पर धर्म और आस्था में विश्वास रखने वाले लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस जगह पर हर साल शिवरात्रि के दौरान भव्य मेले के आयोजन किया जाता है, जिसमें देश के हर हिस्से से लोग आते हैं। हमने भी भगवान शिव के दर्शन किए और सोचा कि अगली बार शिवरात्रि के मौके पर आया जाएगा।

असम संग्रहालय

वापसी में हम सब काफी थक चुके थे, लेकिन असम राज्य संग्रहालय घूमने के मोह से नहीं बच पाये। आपको बता दें कि संग्रहालय किसी भी जगह को जानने-समझने के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण माने जाते हैं। गुवाहाटी स्थित असम राज्य संग्रहालय का भी महत्व काफी ज्यादा है। इस जगह पर आकर आप असम के इतिहास, असम की संस्कृति और परंपरा के बारे में जान सकते हैं। इसकी स्थापना कामरूप अनुसंधान समिति ने वर्ष 1940 में किया था। वर्तमान में यह संग्रहालय स्पूर्वोत्तर के लोकप्रिय संग्रहालयों में से एक है। यह इतिहास में दिलचस्पी रखने वाले लोगों की सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है। हमने इस जगह पर घूमने के साथ साथ एक अच्छा वक्त बिताया और शाम ढलने से पहले होटल लौट आए।

तारामंडल और चिड़ियाघर

शाम को खाना खाने के पश्चात गुवाहाटी तारामंडल और चिड़ियाघर की बात छिड़ गई। गुवाहाटी तारामंडल खगोलीय शिक्षा और अनुसंधान का केंद्र होने के साथ ही यह असम और भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का एकमात्र तारामंडल है। वर्ष 1994 में निर्मित गुवाहाटी तारामंडल युवा और वैज्ञानिक रूप से इच्छुक दिमागों तक पहुंचने का एक बहुत ही महत्वपूर्ण और खूबसूरत प्रयास है। इस जगह पर आकर कोई भी आकाश देखने के साथ साथ सौर मंडल में घटित होने वाले चमत्कारों को देख सकता है। यह तारामंडल ब्रह्मांड प्रेमियों के लिए एक खूबसूरत गंतव्य है। इस जगह पर नियमित स्काई वॉचिंग सत्रों का आयोजन होता है। गुवाहाटी का चिड़ियाघर तो और भी खास है। चिड़ियाघर में लोग मनोरंजन और जानवरों को देखने के लिए जाते हैं। गुवाहाटी चिड़ियाघर इन सबसे थोड़ा अलग और हटकर है। इसे असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान के रूप में भी जाना जाता है। इस जगह पर आकर आप जीव-जंतुओं के देखने के साथ तरह-तरह की वनस्पतियों को भी देख सकते हैं। गुवाहाटी चिड़ियाघर इस समय लगभग 900 से अधिक जानवरों, पक्षियों और सरीसृपों का घर है, जिसे देखने काफी संख्या में पर्यटक यहाँ आते हैं। यदि आप भी यहाँ आने की सोच रहे है, तो सितंबर और मार्च के बीच सर्दियों का मौसम अच्छा रहेगा।

श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र

रात को बातें भले ही गुवाहाटी तारामंडल और चिड़ियाघर देखने की हुई हों, लेकिन सुबह सबसे पहले श्रीमंत शंकरदेव कला क्षेत्र जाने का निर्णय लिया गया। श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र को असम का सांस्कृतिक संग्रहालय कहा जाता है। इस जगह पर लोग गुवाहाटी की सांस्कृतिक विरासत को खंगालने के लिए आते हैं। इस जगह पर यदि आप आते हैं तो असम की संस्कृति और जीवन को करीब से जान पायेंगे। इस संग्रहालय में भी बाकी सभी संग्रहालय की ही तरह राज्य के पारंपरिक लोकाचार के लिए विभिन्न सांस्कृतिक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है। इसमें सांस्कृतिक संग्रहालय, पुस्तकालय और बच्चों के पार्क के अलावा सांस्कृतिक वस्तुओं के संरक्षण और प्रदर्शन के लिए विभिन्न सुविधाएं शामिल हैं। यह जगह हमें बहुत ही अच्छी लगी और हम सब एक बहुत ही खूबसूरत अनुभव लेकर लौटे और तय किया कि बार बार आएँगे।

व्यंग्य ■ बर्बरीक

'उस्ताद और शागिर्द'

दिलीप कुमार

व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की आज से लगभग 50 साल? पहले रचित अलग-अलग व्यंग्य लेखों से कुछ लाइनें चुन कर आपके समक्ष पेश हैं, जो? आज भी बेहद मौजूं हैं।

यदि परसाई जी के शब्दभेदी बाणों को आज के समय की नजीर में देखा जाए तो शायद ये दास्तान कुछ और दिलचस्प लगेगी। तो पेश है, उस दौर से इस दौर तक की कुछ हाजिर नाजिर व्यंग्य की सदाबहार रवायतें।

मुलाहजा फरमाएं ख़्वातीनो-हजरात जिसमें लाइनें व्यंग्य के उस्ताद परसाई साहब की हैं और नजीर व्यंग्य के शागिर्द इस व्यंग्यकार की।

● लडकों को अपना ईमानदार बाप निकम्मा लगता है।

नजीर- लड़के को बाप तभी तक निकम्मा नजर आता है, जब तक कि वह खुद बाप न बन जाए और उसे इस बात का इल्हाम न हो जाए कि उसके बाप ने उसे पाल-पोस कर इतने काम लायक तो बना ही दिया कि लड़का अपने बाप को निकम्मा कह सके।

● 'दिवस' कमजोर का ही मनाया जाता है, जैसे कि 'हिंदी दिवस', 'महिला दिवस', 'अध्यापक दिवस', 'मजदूर दिवस'। कभी 'थानेदार दिवस'नहीं मनाया जाता।

नजीर-

आम आदमी हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करता है कि जीवन के किसी भी दिवस में उसे थाने न जाना पड़े और अगर कभी जाना भी पड़े तो उसी दिवस में ही घर वापसी हो जाए। बड़े-बुजुर्ग फरमा गए हैं कि थाने में बिताई गई एक रात जेल में बिताई गई एक वर्ष की रातों से भी ज्यादा कष्टकारी होती है।

● व्यस्त आदमी को अपना काम करने में जितनी अक्ल की जरूरत पड़ती है, उससे ज्यादा अक्ल बेकार आदमी को समय काटने में लगती है।

नजीर-

व्यस्तता एक मार्गी होती है। एक काम को करना कोई मुश्किल कार्य नहीं, जबकि खाली दिमाग शैतान का घर होता है, उनसे जूझना आसान कार्य नहीं है।

● जिनकी हैसियत है वे एक से भी ज्यादा बाप रखते हैं। एक घर में, एक दफ्तर में, एक-दो बाजार में, एक-एक हर राजनीतिक दल में।

नजीर- पाकिस्तान इसका सटीक उदाहरण है, जो अमेरिका को काबू में रखने के लिए चीन से पैसा लेता है और चीन को काबू करने के लिए अमेरिका से पैसा लेता है। आतंकवाद फैलाने के लिए सऊदी अरब से काल्पनिक जेहाद के नाम पर पैसा लेता है, फिर पश्चिमी देशों से जेहाद का डर दिखाकर पैसा लेता है। वैसे तो ये देश भारत से ही पैदा हुआ है, पर भारत के अलावा इसने कर्जा देने वाले हर देश को बाप बना रखा है।

● आत्मविश्वास कई प्रकार का होता है, धन का, बल का, ज्ञान का। लेकिन मूर्खता का आत्मविश्वास सर्वोपरि होता है।

नजीर- हिंदी का लेखक इस मूर्खता में लिखता-छपता जाता है कि वह लिखकर मानवता पर कोई एहसान कर रहा, जबकि आमतौर समाज उसे अनुग्रह एवं दया की दृष्टि से देखता है

कि इसे लिख लेने दो नहीं तो ये मानसिक विक्षिप्त हो जाएगा।

● सबसे निरर्थक आंदोलन भ्रष्टाचार के विरोध का आंदोलन होता है। एक प्रकार का यह मनोरंजन है जो राजनीतिक पार्टी कभी-कभी खेल लेती है, जैसे क्रिकेट या कबड्डी के मैच।

नजीर-

यदि आप भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए बिना टिकट रेल में जा रहे हों तो यदि टीटी ने पकड़ लिया हो तो आप अपना मिशन बताएं। बिना टिकट के बाकी लोगों से अगर टीटी पांच सौ रुपये लेता है तो आपको ढाई सौ में ही राजधानी पहुंचा देगा। आखिर उसे भी तो भ्रष्टाचार का विरोध करना है, करप्शन में इसीलिए डिस्काउंट दे देता है।

● विचार जब लुप्त हो जाता है, या विचार प्रकट करने में बाधा होती है, या किसी के विरोध से भय लगने लगता है, तब तर्क का स्थान हुल्लड़ या गुंडागर्दी ले लेती है।

नजीर-

हिंदी के 75 पार के व्यंग्यकार दूसरों के परिवार से ली गई पुरस्कार राशि अपनी यारी दोस्ती पर उन लेखक- लेखिकाओं को दे देते हैं जो जीवन भर कविता या कहानी लिखते रहे हैं। इससे बड़ी वैचारिक दरिद्रता क्या होगी और इस पर तुर्रा ये कि हम तो निस्वार्थ व्यंग्य को ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। तो फिर व्यंग्य को रसातल में ले जाना क्या होता होगा? महज कल्पना करें।

● हम मानसिक रूप से दोगले नहीं तिगले हैं। संस्कारों से सामन्तवादी हैं, जीवन मूल्य अर्द्ध-पूंजीवादी हैं और बातें समाजवाद की करते हैं।

नजीर-

हिंदी के कुछ सम्पादक शराब की बोतल लाने पर टैक्स बचाने के लिए बनाए गए साहित्यिक ट्रस्ट की पत्रिका में शराब बंदी पर कविता छापता है और उसी शराब बंदी पर छपी कविता से मिले मानदेय से शराब बंदी के खिलाफ लिखने वाला देसी कवि अंग्रेजी शराब पीकर फिर शराब से हुई बबार्दी पर कविता लिखने की प्रेरणा लेता है।

● फासिस्ट संगठन की विशेषता होती है कि दिमाग सिर्फ नेता के पास होता है, बाकी सब कार्यकताओं के पास सिर्फ शरीर होता है।

नजीर - कई दल के लीडरान जल, जंगल, जमीन की बात करते हैं ये मूलमंत्र सिर्फ कार्यकताओं के लिए है जो कि शरीर की तरह है, जबकि आला लीडरान अपने बच्चों को पढ़ने के लिए विदेश भेज देते हैं और पार्टी के युवकों को सशस्त्र क्रांति का मार्ग बताते हैं, ताकि सिलसिला चलता रहे।

● बेइज्जती में अगर दूसरे को भी शामिल कर लो तो आधी इज्जत बच जाती है।

नजीर-

अपने घर में मियां बीवी में झगड़ा और मार कुटाई हो रही हो और पड़ोस के काफी सारे लोग देख-देख कर लुत्फ ले रहे हों उसी समय यदि पड़ोस में भी किसी घर में जूतमपैजार शुरू हो जाये तो खुद को महसूस होने वाली बेइज्जती और फजीहत आधी ही महसूस होती है कि सरेआम जूतमपैजार वाले होने वाले हम अकेले नहीं हैं।

● दुनिया में भाषा, अभिव्यक्ति के काम आती है। इस देश में दंगे के काम आती है।

नजीर- कश्मीर के अलगाववादी नेता जब दिल्ली में किसी सार्वजनिक समारोह में आते हैं तो इंसानियत वगैरह की बात करते हैं, लेकिन वही नेता कश्मीर में जब जाते हैं तो अलगाव, मारकाट और दंगे करने की भाषा बोलते हैं।

● जो पानी छानकर पीते हैं, वो आदमी का खून बिना छाने पी जाते हैं।

नजीर-

हाफिज सईद जैसे लोग जो भारत मे हजारों लोगों की मौत बम और गोलियों के जरिये करवा देते हैं, वह दिन भर तस्बीह घुमाते हुए खुद को धर्म प्रचारक कहते हैं और दिलचस्प बात ये कि भारत में ही कई लोग इस हाफिज सईद की विचारधारा को आगे बढ़ाते हैं।

● सोचना एक रोग है, जो इस रोग से मुक्त हैं और स्वस्थ हैं, वे धन्य हैं।

नजीर-

जैसे मुंबईया फिल्म मेकर खुद तो बिना सोचे समझे फिल्में बनाते हैं फिर छाती ठोंककर कहते हैं कि आप अपना दिमाग घर छोड़कर ही थियेटर में फिल्म देखने आएं। फिल्मकार खुद तो इस न सोचने के रोग से पीड़ित हैं मगर जनता समझदार है इसलिए पायरेटेड फिल्म देख लेती है और थियेटर नहीं जाती।

● हीनता के रोग में किसी के अहित का इंजेक्शन बड़ा कारगर होता है।

नजीर-

यदि अपनी टाटा नैनो पंचर हो जाये और उसे खींचकर बनवाने ले जाना पड़े और उसी समय यदि किसी की मर्सडीज भी सड़क पर चलते चलते खराब हो जाए तो उसे खींचकर बनवाने ले जाना पड़े तो ये देखकर सस्ती कार होने की हीन भावना तुरंत आधी हो जाती है।

● नारी-मुक्ति के इतिहास में यह वाक्य अमर रहेगा कि ह्यएक की कमाई से पूरा नहीं पड़ता।

नजीर-

नारी मुक्ति का झंडा बुलंद करने वालियों को कमाई में समानता और कार्य क्षेत्र में अतिरिक्त सुविधाओं की महती पैरोकार होती हैं।

● एक बार कचहरी चढ़ जाने के बाद सबसे बड़ा काम है, अपने ही वकील से अपनी रक्षा करना।

नजीर-

ताकि किसी और से असुरक्षा न रहे। एक बड़ी लकीर ही दूसरी लकीर को छोटा कर सकती है।

BRIEF NEWS

वोकेशनल पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन 10 तक

RANCHI : डोरंडा कॉलेज में स्नातक के वोकेशनल पाठ्यक्रमों- बीसीए, आईटी, बीबीए और अमानत में नामांकन के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून है। इन विषयों में कॉलेज में सीधा प्रवेश (पहले आओ पहले पाओ) की व्यवस्था की गई है। नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी कॉलेज आकर आकर सीधा नामांकन ले सकते हैं।

जयपाल सिंह स्टेडियम में वुडबॉल प्रतियोगिता आज

RANCHI : रांची जिला वुडबॉल संघ की ओर से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में राजेंद्र प्रसाद मिश्र मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता रविवार को आयोजित की जा रही है। बालक-बालिका दोनों वर्गों में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए स्टेडियम में बंटी टोप्पो और गोविंद झा से संपर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता सुबह सात बजे से शुरू होगी।

रुक्का में दो घंटे बाधित रही बिजली, आज भी होगी आंशिक जलापूर्ति

RANCHI : दिन के करीब 3:00 बजे बूटी मोड़ से विकास तक तेज आंधी और बारिश हुई इसके कारण रुका वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में दो घंटे बिजली नहीं रही। शाम 5:00 बजे बिजली बहाल हुई। करीब दो घंटे तक प्लांट बंद रहने के कारण प्लांट से पानी का ट्रीटमेंट का काम शाम 5:00 बजे के बाद शुरू हुआ। इस वजह से रविवार को रुक्का से निकलने वाले टाउन लाइन से अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति होगी। रविवार को शहर में मेन रोड, चुटिया, चर्च रोड, हिंदपीड़ी अपर बाजार, कांटाटोली, कोकर, लोवाडीह, नामकुम, दीपाटोली और आसपास के इलाकों में रविवार को अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति होगी।

एक्सट्रीम बार डीजे हत्याकांड : पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हत्या में इस्तेमाल हुए हथियार बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

AGENCY RANCHI :
एक्सट्रीम बार डीजे हत्याकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रांची पुलिस ने संदीप प्रमाणिक की हत्या में इस्तेमाल किये गये हथियार को बरामद कर लिया है। साथ ही हथियार छुपाने ने सहयोग करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार उर्फ सोनू सिंह, सुमित सिंह उर्फ रोबिन्स कुमार और आलोक कुमार शामिल है। ये जानकारी एसएसपी चंदन सिन्हा ने शनिवार को प्रेस वार्ता में दी।

बड़े भाई की दुकान में छिपाया था हथियार : बता दें कि अदालत के निदेर्शानुसार अभिषेक सिंह को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। रांची के सिटी एसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने गहन के पूछताछ के बाद इस्तेमाल किये गये राइफल, 30 राउंड जिंदा गोली, तीन राउंड फायर खोखा, एक मैगजीन को उनके बड़े भाई रोहन सिंह की दुकान से बरामद कर लिया। रोहन सिंह की दुकान तुपुदाना के इंसलरी चौक में लक्ष्य ऑटोमोबाइल के नाम से है। वह अपने बड़े भाई की दुकान में मौजूद इ-ऑन कार के डिक्की में हथियार को छिपाकर रखा था। साथ ही घटना में इस्तेमाल किये गये वाहन इ-ऑन हुंडई कार, विटारा ब्रेजा, महिंद्रा स्कॉर्पियो, मारूचि सुजकी इगनिस को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने इसके अलावा हथियार छिपाने में सहयोग करने वाले पंकज कुमार उर्फ सोनू सिंह, सुमित सिंह उर्फ रोबिन्स कुमार और आलोक कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया।

मीडिया को अपराधियों के बारे में जानकारी देते एसएसपी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

27 मई को हो गई थी संदीप प्रमाणिक की हत्या

गौरतलब है कि रांची के चुटिया स्थित एक्सट्रीम बार में डीजे संचालक संदीप प्रमाणिक की हत्या 27 मई को हो गयी थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अभिषेक सिंह को 15 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया था। बाद में पुलिस ने उनके पिता, दोस्त समेत 14 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया था। जानकारी के एक्सट्रीम बार अवैध रूप से चल रहा था। उत्पाद विभाग ने बार का लाइसेंस उदय शंकर सिंह के नाम से 20 अप्रैल 2024 को जारी किया था। लेकिन, उदय शंकर सिंह ने बार चलाने के लिए लीज पर विशाल सिंह को दे दिया था।

शादी का झांसा देकर बनाता रहा यौन संबंध

- कोर्ट ने सुनाई 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा
- आरोपी पर लगाया 50 हजार का जुमार्ना भी

AGENCY RANCHI :
न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने आरोपी मुकेश लाल महतो को बालात्कार केस में 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 50 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है. जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को अतिरिक्त 10 महीने की सश्रम करावास होगी. दरअसल , यह मामला कांके थाना कांड संख्या 151/2014 से जुड़ा है. बता दें कि उक्त केस में आरोपी के द्वारा पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर 6-7 वर्षो तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था. बाद में वह शादी करने से मुकर गया. पीड़िता के इनकार करने पर जबरन अभियुक्त ने पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाया था. इस दौरान वह वर्ष 2012 और 2014 में दो बार गर्भवती भी हुई. आरोपी उसे मातृछाया अस्पताल, सीएमपीडीआई ले गया तथा पेट में पल रहे भ्रूण का गर्भपात भी करा दिया था. जब पीड़िता तथा उसके माता-पिता ने आरोपी एवं उसके माता-पिता पर विवाह करने के लिए बोला, लेकिन उनके द्वारा स्पष्ट रूप से विवाह करने से इनकार कर दिया गया. अभियोजन पक्ष अभियुक्त के विरूद्ध लगाये गये आरोप को साबित करने में सफल रहा. अभियुक्त के तरफ से अधिवक्ता सुजय दयाल ने उनका पक्ष रखा था, अभियोजन पक्ष के तरफ से लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बहस किया था.



आदिवासी महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत

चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन ने उठाई जांच की आवाज

AGENCY RANCHI :
चाइल्ड राइट्स फॉउंडेशन ने कांके थाना क्षेत्र की रहने वाली आदिवासी महिला की संदेहास्पद मौत की जांच की मांग की है। इसको लेकर फॉउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने सीआईडी, रांची जोनल आईजी, रांची रेंज के डीआईजी और रांची एसएसपी को पत्र लिखा है. बैजनाथ कुमार ने पत्र में लिखा है कि कांके थाना क्षेत्र के सुंदरनगर निवासी स्व। स्टीफन मिंज की पुत्री दुलारी मिंज की पटना में संदेहास्पद तरीके से मौत हो गयी। वह पटना में सतीश चंद्र नाम के व्यक्ति के घर में काम करती थी। सतीष चंद्र गुरुवार की शाम एंबुलेंस से शव लेकर उसके घर पहुंचा। बताया जाता है कि दुलारी के चेहरे व पीठ पर जलने और आंख में गंभीर चोट के निशान थे। जिसको देखने के बाद परिजन सतीश चंद्र पर दुष्कर्म, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, दुलारी पिछले 15 साल से सतीश चंद्र के यहां काम कर रही थी। उस समय सतीश सिंह बीएयू के डीएसडब्लू विभाग में कार्यरत था और कैंपस में ही रहता था। लेकिन उसके बाद वह बेटे व बहू के साथ कांके में रहता था। दो माह पूर्व से वह पटना के उपरपुरा, टहलटोला, फुलवारी शरीफ में रह रहा था। अपने साथ वह दुलारी को भी ले गया था। दुलारी के परिजनों के पूछने जाने पर सतीश चंद्र ने बताया कि दुलारी को बुधवार की शाम लू लग गया था।

सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स में झारखंड को पहला स्थान मिला, भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की रिपोर्ट

AGENCY RANCHI :
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने में सक्रियता के आधार पर देशभर के टॉप 10 राज्यों की सूची में झारखंड पहले पायदान पर रहा है. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार की शाम को जारी किए गए ह्यसोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्सह्ण में झारखंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ ह। बता दें कि झारखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार कई बड़े सोशल मीडिया अभियान चलाए गए हैं. झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने कहा कि किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम है।

सामाजिक मुहिम के लिए सोशल मीडिया माध्यम

झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में मतदाता जागरूकता जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। इस बार झारखंड में इस दिशा में सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग किया गया। न केवल मुख्यालय स्तर से कई सोशल मीडिया अभियान चलाए गए, बल्कि राज्य के कुछ जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी अपने स्तर पर कई हैशटैग अभियान चलाए। इनमें आम लोगों की भी अहम सहभागिता रही। कई हैशटैग अभियान देशभर में ट्रेंड भी हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आम नागरिकों से इसी तरह की सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा होगी।

14 मानकों के आधार पर मूल्यांकन के बाद मासिक रैंकिंग

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सोशल मीडिया नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने जानकारी दी कि देश के सभी राज्यों के सीईओ कार्यालयों की सोशल मीडिया सक्रियता की रैंकिंग के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जो हर माह परफॉर्मेंस इंडेक्स तैयार होती है। उसमें 14 विभिन्न मानकों को आधार बनाया जाता है। इन मानकों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की कुल मासिक रीच, सब्सक्राइबर संख्या में आनुपातिक वृद्धि, नवाचारी अभियानों की संख्या, क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्ट की संख्या, दिव्यांग जनों के अनुकूल सामग्री का प्रयोग, स्थानीय आईकॉन व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ समन्वय, लाइव संवाद समेत अन्य प्रमुख रूप से शामिल हैं।

झारखंड के साथ राजस्थान को भी पहली रैंकिंग : झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सोशल मीडिया नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि झारखंड की ये रैंकिंग बीते अप्रैल माह में सोशल मीडिया पर किए गए विभिन्न सकारात्मक प्रयासों को लेकर है। इसमें राजस्थान को भी झारखंड के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला है। कर्नाटक को दूसरा एवं उत्तराखंड को तीसरा स्थान मिला है।

बारीडीह के दो घर में एक आभूषण व नकदी की चोरी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :
बिरसानगर थाना अंतर्गत विजया गार्डेन में शुक्रवार की रात चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने 12वें फेज में रहने वाले नौसेना जवान श्यामसुंदर पांडे के 509 नंबर और स्टेट बैंक डिब्रूगढ़ के मैनेजर के 523 नंबर डुप्लेक्स में चोरों ने घटना को अंजाम दिया। श्यामसुंदर पांडे के भाई हरिशंकर पांडे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही दोनों भतीजों का जनेऊ संपन्न हुआ था, जिसे लेकर पूरा परिवार रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या गए हैं। प्रत्येक दिन की तरह घर की नौकरानी फूल-पौधों में पानी देने के लिए सुबह 11 बजे आई थी। तभी उसने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और लॉक टूटा पड़ा है। उसके बाद उसने फोन से परिवार वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घर के सभी कमरों का सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखे गहने और नकदी चोरी हो गई है। इसके बाद उन्होंने बिरसानगर थाना में को सूचना दी।

चोरी की सूचना के बाद पहुंचे लोग ● फोटोन न्यूज

नन्हे मुन्नों ने किया हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ

RANCHI : प्राचीन श्रीराम मंदिर, चुटिया में शनिवार को नन्हें मुन्नों ने संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ कर भक्ति की ज्योत जगायी। मां फाउंडेशन की ओर से इसका खास आयोजन किया गया। इसमें बड़ों ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। सुबह नौ बजे दैनिक पूजन-आरती के बाद महंथ गोकुल दास के सान्निध्य में जैसे ही पाठ प्रारंभ हुआ, 150 बच्चों के सुमधुर स्वर लहरियों से वातावरण गूंज उठा। सयाने बच्चों ने एकाग्रचित्त हो सस्वर पाठ कर सब का मन मोहा तो नासमझ बच्चों ने अपने बालसुलभ व्यवहार से सब का दिल जीता। सुबह दस बजे आरती के साथ पाठ संपन्न हुआ। सब के बीच लड्डू प्रसाद बांटा गया।

पुरानी अदावत को लेकर दो पक्षों में विवाद छह राउंड हुई फायरिंग, बच्चे को लगी गोली

AGENCY RANCHI :
शनिवार को डोरंडा इलाके में दो अपराधियों के बीच हुई गोलीबारी में एक दस साल का बच्चा अकदस मिर्जा घायल हो गया। गोलीबारी की वारदात डोरंडा के मिस्त्री मोहल्ला में हुई, घायल बच्चे का इलाज रिम्स अस्पताल में चल रहा है।

क्या है पूरा मामला : डोरंडा थाना प्रभारी आंनद किशोर ने बताया की पुरानी अदावत में दो गुटों के बीच आपस मे झड़प हुई, इसी दौरान एक पक्ष के द्वारा फायरिंग की गई, जिसमे पास में ही खेल रहे एक दस साल के बच्चे के पैर में गोली लग गई। घायल बच्चे को इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे के पैर से गोली निकाल दी। उसके बाद बच्चे को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया। घायल बच्चे की स्थिति पूरी तरह से खतरे से बाहर है। डोरंडा पुलिस के अनुसार फायरिंग करने वाले अपराधियो की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने अनुसार, सल्लु उर्फ माचीस और अली के गैंग के बीच पुरानी रंजीश को लेकर विवाद हुआ। इसी बीच एक पक्ष ने अली गैंग के अरमान और फैज कुरैशी के उपर छह राउंड फायरिंग कर दी। इसमें एक गोली खेल रहे बच्चे को जाकर पैर में लगी। फायरिंग करने वालो में सैफ, शकिब, सनजर और अब्दुल, हसनैन, अयान और चांद का नाम आ रहा है। ये लोग सल्लु उर्फ माचीस के लिए काम करते है। फिलहाल सल्लु जेल में बंद है। अरमान और फैज कुरैशी का अली गैंग से संबंध है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि तीनों अपराधियों के हाथ में हथियार था और तीनों ने एक-एक फायरिंग की थी। इसी फायरिंग में पास में ही खेल रहे 10 वर्षीय अकदस मिर्जा को गोली लग गई। फिलहाल बच्चे का रिम्स में इलाज चल रहा है।

घटनास्थल पर निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

खुशखबरी : परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद प्रारंभ, कंपनी की हो रही तलाश

नागरिकों की सुविधा के लिए 244 नई सिटी बसें चलाने की तैयारी में जुटा नगर निगम

AGENCY RANCHI :
राजधानी की परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रांची नगर निगम 244 नई सिटी बसें चलाने की तैयारी में है, ताकि शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक तक लोगों को आवागमन की आसान व सस्ती बस सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। निगम के पास नई बसें आते ही फिलहाल चल रही 44 बसों को हटा दिया जाएगा। हालांकि सिटी बसों को चलाने के लिए ऑपरेटर की तलाश में निगम जुटा है। सिटी बसों के परिचालन के लिए निगम चार बार टेंडर निकाल चुका है। दो बार तो किसी कंपनी ने टेंडर में हिस्सा ही नहीं लिया, वहीं दो बार टेंडर में सिंगल कंपनी ही शामिल हुई थी। अब आचार संहिता खत्म होने बाद निगम पांचवा टेंडर निकालने की तैयारी में है। निगम की सिटी बसों का किराया काफी कम रखा जाएगा। किराया कम होने पर लोग इन बसों में सफर करेंगे। शहर के अलग-अलग रुट पर सिटी बस की रेगुलर सेवा शुरू होने पर लोगों का सफर करना आसान होगा। निगम के अधिकारियों का मानना है कि जब सिटी बसों की सेवा आसानी से उपलब्ध होगी, तो लोग बाइक या कार की बजाय बस में सफर करने का विकल्प चुनेंगे। शहर की सड़कों पर बाइक व कार का लोड कम होने से जाम से राहत भी मिलेगी।

220 डीजल और 24 होंगी इलेक्ट्रिक बसें

रांची नगर निगम क्षेत्र में 200 बस स्टॉप बनेंगे और पुराने बस स्टॉप अपग्रेड किये जाएंगे. 244 बसों में 220 बसें डीजल से चलेंगी, जिसमें एसी नहीं होगी. 24 इलेक्ट्रिक बसों में एसी की सुविधा होगी. सभी बसें रोज 174 किमी की दूरी तय करेंगी. शुरूआत में करीब 200 बसों का परिचालन शुरू हो सकता है, बाकी की बसें रिजर्व रखी जाएंगी.

ऐप से मिलेगी सुविधा

बस का संचालन करने वाली कंपनी को ऐप भी डेवलप करना होगा। ऐप के जारिये यात्री नजदीकी बस स्टॉप, बस का रूट और स्टॉप पर बस के पहुंचने का समय भी देख सकेंगे। इससे यात्रियों को काफी सुविधा होगी और वो आसानी से एक जगह से दूसरी जगह यात्रा कर सकेंगे।

नीलांचल एक्सप्रेस हादसे में घायल दो को लाया गया मुरी, एक गंभीर

AGENCY RANCHI :
रांची रेल डिवीजन के चांडिल-मुरी रेलखंड पर सुईसा रेलवे स्टेशन अंतर्गत लेंगडीह रेलवे क्रासिंग के समीप सुबह करीब 7.30 बजे आनंदबिहार से पुरी आ रही ट्रेन नंबर-12876 नीलांचल एक्सप्रेस का पेंटों टूट गया। इस हादसे में ट्रेन में ही सफर कर रहे दो रेल यात्री ओवर हेड वायर की चपेट में आने से हादसे का शिकार हो गए। दोनो यात्री कोच के गेट के पास खड़े थे, पेंटों से ओवर हेड वायर टूटा, जो कि यात्रियों को चपेट में ले लिया, इससे दोनो यात्री गंभीर रूप से झुलस गए। दो का बर्थ स्लीपर श्रेणी के एस 2 कोच में था। दोनों यात्री रायबरेली उत्तरप्रदेश के रहने वाले बताये जा रहे हैं। दोनों की पहचान राज शंकर(28 वर्ष) और राहुल कुमार(32 वर्ष) के रूप में हुई है। इन दोनो यात्रियों का इलाज मुरी के राम सिंह नर्सिंग होम में चल रहा है। रांची डिवीजन के एसीएम अंजनी कुमार राय ने बताया कि दोनो यात्री का इलाज चल रहा है। इनमे राहुल गंभीर रूप से घायल है, वहीं राज शंकर भी घायल है। दोनो का समुचित इलाज हो रहा है। इस संबंध में ट्रेन में सवार यात्री संतोष ने बताया कि सुइसा रेलवे स्टेशन के बाद ट्रेन में जोरदार आवाज हुई। आवाज होने के बाद करीब दो किलोमीटर दूर जाकर ट्रेन रुक गई। बताया गया कि ट्रेन के ऊपर पेंटों तार(ओवर हेड वायर) गिर गया है। इस घटना में ट्रेन में सवार दो यात्रियों को चोट आई है।

घायल का इलाज करते चिकित्सक। ● फोटोन न्यूज

भाजपा को अपना किला व पार्टी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को साख बचाने की चुनौती

चुनाव परिणाम आने से पहले हार-जीत के गणित में उलझी खूंटी क्षेत्र की जनता

PHOTON NEWS KHUNTI : लोकसभा चुनाव में झारखंड की सबसे हॉट खूंटी संसदीय सीट (सुरक्षित) के लिए 13 मई को वोट डाले गये थे। उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला चार जून को होगा। इस बीच दोनों राजनीतिक धड़ों एनडीए और आईएनडीआईए के स्थानीय नेताओं-समर्थकों के साथ क्षेत्र की जनता भी हार-जीत की गणित लगाने में व्यस्त है।

चुनाव परिणाम चाहे जो हो लेकिन दोनों गठबंधनों के लोग इस बात पर सहमत हैं कि इस बार भी दोनों मुंडाओं के बीच का मुकाबला कांटे का है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपना किला और पार्टी उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को साख बचाने की चुनौती है जबकि कांग्रेस के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे कालीचरण मुंडा के समक्ष लगातार हार के कलंक को धोने कि चिंता है। इंडी गठबंधन के नेता और समर्थक जहां कालीचरण मुंडा की जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं, वहीं भाजपा समर्थकों का कहना है कि भाजपा की जीत का सिलसिला जारी रहेगा। कांग्रेस नेता कैसर खान, संजय यादव, शिवशंकर साहू, दीनानाथ साहू सहित कई नेताओं का कहना है कि इस बार ईसाई मतों का बिखराव नहीं हुआ है। सरना आदिवासियों, रौतिया समाज के अलावा कुर्मी मतदाताओं में भाजपा के प्रति नाराजगी है और इसका खमियाजा उसे भुगतना पड़ेगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमाल खान का दावा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों और देश के विकास को देखकर ईसाई और मुसलमानों ने भी इस बार भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा के एक अन्य नेता का तर्क है कि इस बार पूर्व मंत्री राजा पीटर के साथ ही आजासू सुप्रीमो सुदेश महतो का भरपूर साथ मिला है और इसका लाभ अर्जुन मुंडा का मिलेगा। भाजपा के एक नेता ने कहा कि भाजपा तोरपा, खूंटी और कोलेबिरा में कांग्रेस से पीछे रह सकती है लेकिन खरसावां, सिमडेगा और तमाड़ में भाजपा उम्मीदवार काफी आगे रहेंगे और यही अंतर अर्जुन मुंडा की जीत का आधार होगा।

2019 में महज 1445 मतों से जीते थे अर्जुन मुंडा

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस के इन्हीं दो मुंडाओं के बीच कांटे का मुकाबला हुआ था, जिसमें अर्जुन मुंडा ने 1445 वोटों के अंतर से कालीचरण मुंडा को शिकस्त दी थी। इस चुनाव में अर्जुन मुंडा को 3,82,638 वोट मिले थे जबकि कालीचरण मुंडा को 3,81,193 मतों से संतोष करना पड़ा था।

गोड्डा लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत ने पत्नी संग किया मतदान

PHOTON NEWS GODDA : गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने शनिवार को बीएड कॉलेज के बूथ में मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी अनामिका गौतम और दोनों बेटों ने भी वोट डाले। इससे पहले निशिकांत दुबे देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की।

बाबा धाम में पूजा-अर्चना करने के बाद निशिकांत दुबे दुमका के जरमुंडी स्थित बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा बासुकी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे वोटिंग करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का दावा किया। साथ ही राहुल गांधी को इंडी गठबंधन द्वारा प्रधानमंत्री का चेहरा बनाए जाने की अटकलों पर कहा कि पहले राहुल गांधी चुनाव जीत जाएं, वे चुनाव हारकर प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। गोड्डा लोकसभा सीट पर निशिकांत दुबे का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव से है।

मतदान के बाद परिवार संग निशिकांत। ● फोटोन न्यूज

स्पीकर रवींद्रनाथ ने परिवार के साथ डाले वोट

JAMTARA : झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष और नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो ने शनिवार को परिवार के साथ बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। रवींद्रनाथ महतो ने नाला विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 91 (उच्च मध्य विद्यालय पाटनपुर) में वोट डाला।

झामुमो प्रत्याशी नलिन ने सपरिवार किया मतदान

GODDA : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के शिकारीपाड़ा के विधायक और दुमका प्रत्सशी नलिन सोरेन ने सपरिवार बूथ संख्या 29 पर मतदान किया। नलिन सोरेन पत्नी जोएस बेसरा, बेटा, बहू और बेटी के साथ मतदान केंद्र पहुंचे।

टीएसपीसी के नाम पर लेवी वसूलने के छह आरोपी हथियार संग धराए

PHOTON NEWS GARHWA : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के नाम पर संवेदकों, बीडी पत्ता कारोबारी और जनप्रतिनिधियों से लेवी वसूलने के मामले में पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच देशी कट्टा, पांच गोली, छह खोखा, चार मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। एसपी दीपक पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में गढ़वा निवासी आनन्द सिंह, राहुल कुमार, संतोष चौधरी, नन्हकू चौधरी, नन्दू विश्वकर्मा और जितेन्द्र चौधरी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रमकण्डा थाना क्षेत्र के टोंकी स्थित ठोंगापानी के जंगल क्षेत्र में चार-पांच हथियार बंद लोग देखे गये हैं, जो अपने आप को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का सदस्य बताते हुए क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के संवेदक, बिड़ी पत्ता व्यवसायी एवं जनप्रतिनिधियों को हथियार के बल पर डरा-धमका कर क्षेत्र में लेवी की वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के बाद रंका एसडीपीओ रोहित रंजन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार वदीर्धारी हथियार बंद लोगों को हथियार के साथ पकड़ा। उनकी निशानदेही पर अन्य दो लोगों को पकड़ा गया।

जनसेवक तीन हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

GIRIDIH : एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) धनबाद की टीम ने शनिवार को गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड में जनसेवक मोहम्मद मंसूर को तीन हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों दबोचा है। कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कई कर्मी भाग खड़े हुए। बताया गया कि एसीबी की टीम डीएसपी मुन्नू टुडू के नेतृत्व में सीधे प्रखंड कार्यालय पहुंची। यहां जनसेवक मोहम्मद मंसूर को पीरटांड़ क्षेत्र के खुखरा गांव निवासी जहांगीर से तीन हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा और उसे गिरफ्तार कर धनबाद ले गई। जानकारी के अनुसार जनसेवक ने एक कुंए की मरम्मत का एमबी बुक के आधार पर बिल पास करने के नाम पर तीन हजार का मांग की थी।

एक लाख की अवैध कीमती लकड़ी जब्त

PHOTON NEWS KHUNTI : पुलिस ने कुंजला चौक के पास अवैध कीमती लड़कियों से लदे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक पर विभिन्न परिमाप के 61 साल बोटा लदे पाए गए, जिसका बाजार मूल्य लगभग एक लाख रुपये है। इस संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी कुलदीप मीणा ने बताया कि उन्हें शुक्रवार की देर रात सूचना मिली कि अवैध लड़कियों से लदा एक ट्रक (डब्ल्यूबी 11बी 1957) सिंहहभूम की ओर से होते हुए नामकुम, रांची की ओर जा रहा है। प्रभारी वनपाल प्रवीण सिंह के नेतृत्व में गश्तीदल ने शनिवार को प्रातः चार बजे कुंजला चौक के पास ट्रक को पकड़ लिया। चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। जब्त ट्रक को प्रमंडलीय कार्यालय परिसर में रखा गया है।

जब्त लकड़ी के साथ पुलिस।

साईंनाथ देवस्थानम के स्थापना दिवस का शुभारंभ

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : घोड़ाबांधा स्थित साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वाधान में श्री साईंनाथ देवस्थानम का दो दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव शनिवार को आरंभ हो गया। इस पावन अवसर पर शिर्डी मंदिर से पधारे आचार्य दिगंबर कुलकर्णी, चंद्रशेखर कुलकर्णी व योगेश कुलकर्णी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान यजमान अनूप रंजन व उनकी पत्नी रश्मि नारायण उपस्थित थीं।

कांकड़ आरती के साथ सुबह 5 बजे प्रारंभ प्रथम दिवस का अनुष्ठान सेज-आरती के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान दक्षिण भारत के श्रीकाकुलम से आए कलाकारों ने वाद्ययंत्रों से मंगल ध्वनि प्रस्तुति की। रविवार को शाम 4 बजे बाबा की पालकी यात्रा निकलेगी, जबकि संध्या 6. 30 बजे से प्रसिद्ध गायक अनिल बावरा भजन प्रस्तुत करेंगे।

पूजा-अर्चना करते लोग।

गुरु अर्जन देव के शहीदी दिहाड़े पर लगाई छबील

JAMSHEDPUR : सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव के शहीदी दिहाड़े पर शनिवार को टाटानगर स्टेशन चौक पर छबील लगाई गई। यहां राहगीरों में ठंडा शर्बत, चना और कड़ाह (हलवा) प्रसाद का वितरित किया गया। शिविर में सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान शैलेंद्र सिंह, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, सीजीपीसी एवं झारखंड सिख विकास मंच के संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू सहित कई लोग शामिल हुए।

लू लगने से जवान सहित तीन की मौत

PHOTON NEWS PALAMU : जिले में लू का प्रकोप जारी है। हर दिन लोगों की मौत हो रही है। इसी क्रम में जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड जवान समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। एक की पहचान नहीं हो पायी है। होमगार्ड जवान की पहचान रामाशंकर मोची (55) के रूप में हुई। गर्मी के कारण तबीयत बिगड़ने से उनकी मौत हुई। रामाशंकर लालगढ़ बिहार के रहने वाले थे और पिछले आठ महीने से जेल में ड्यूटी पर लगे हुए थे। जेल के अंदर टॉवर के पास उनकी ड्यूटी लगी थी। शुक्रवार की शाम तीन बजे से सुबह छह बजे तक ड्यूटी थी। इसी बीच रात में उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथी जवानों ने उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया, जहां इलाज के क्रम में शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे मौत हो गई। इसी तरह जिले के पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी भागीरथ सोनी (45) की शुक्रवार शाम लू लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया की भागीरथ लूना मोटरसाइकिल से अपने बेटे को नावाबाजार किसी काम से लेकर गए थे।

घटना की खबर सुनकर बदहवास परिजन। ● फोटोन न्यूज

स्वास्थ्य विभाग के एजुकेशन डायरेक्टर ने किया निमार्णाधीन अस्पताल का निरीक्षण

623 बेड का होगा एमजीएम का अस्पताल नवंबर माह तक शुरू करने का है लक्ष्य

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : मानगो के डिमना चौक स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज में निमार्णाधीन अस्पताल का निरीक्षण करने स्वास्थ्य विभाग के एजुकेशन डायरेक्टर डॉ. एसके सिंह शनिवार को पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया और जहां खामियां मिलीं, उसे दूर करने का निर्देश दिया। डॉ. एसके सिंह ने कहा कि निमार्णाधीन अस्पताल का कार्य तेज गति से चल रहा है। हालांकि, इसे जून तक पूरा करना था, लेकिन अभी तक 75 प्रतिशत ही कार्य हो सका है। ऐसे में अब नवंबर माह तक इस अस्पताल को शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. एसके सिंह ने कहा कि 10 मई को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव इस अस्पताल का निरीक्षण करने आएंगे। इससे पूर्व मेरा निरीक्षण था, ताकि जो खामियां हैं, उसे दूर करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सचिव को अपडेट किया जा सके। 623 बेड के इस अस्पताल में 128 बेड का आईसीयू होगा। इस अवसर पर एमजीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. केएन सिंह, अधीक्षक डॉ. रवींद्र कुमार, उपाधीक्षक डॉ. नकुल प्रसाद चौधरी, डॉ. आरके मंधान, डॉ. उमाशंकर प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

निरीक्षण करते वरीय अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

सात मंजिला होगा भवन

इस अस्पताल का भवन सात मंजिला है। ग्राउंड फ्लोर में स्वागत कक्ष होगा। उसके बाद ओपीडी व इनडोर बनाया गया है। डॉ. एसके सिंह ने कहा कि इस अस्पताल को संचालित करने के लिए एक कमेटी बनेगी, जिसमें चिकित्सक से लेकर प्रशासनिक सहित इससे संबंधित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे, जिससे मरीजों को किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने कहा कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को जल्द से जल्द पानी व बिजली की व्यवस्था करने को कहा गया है।

'उदित वाणी' के संपादक राधेश्याम अग्रवाल नहीं रहे

JAMSHEDPUR : हिंदी दैनिक 'उदित वाणी' के संस्थापक व संपादक राधेश्याम अग्रवाल (84) का शनिवार की सुबह टाटा मुख्य अस्पताल में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। राधेश्याम अग्रवाल ने 1980 में मध्य प्रदेश में बिक्री कर विभाग के सहायक आयुक्त के पद पर 12 साल तक कार्यरत रहने के बाद इस्तीफा देकर जमशेदपुर में 22 अगस्त, 1980 को शहर से हिंदी दैनिक शुरू किया। वे रांची विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर भी रहे थे। स्व. अग्रवाल 2005 में शिबू सोरेन की सरकार में प्रेस सचिव भी थे। उनका अंतिम संस्कार जुगसलाई स्थित शिवघाट में किया गया।

पलामू में कोयला लदे चार ट्रकों के चालक-खलासी समेत छह गिरफ्तार

PALAMU : जिले की सतबरवा थाना पुलिस के लिए रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग एनएच 75 पर रजडेरवा गांव के समीप चार ट्रकों के चार चालक तथा एक खलासी और दुबियाखांड़ में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक अपराधी को बिना नंबर प्लेट की बाइक तथा एक मोबाइल फोन और पंछी मार्का पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि पिस्टल के साथ पकड़ा गया अपराधी विकास कुमार यादव पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता गांव का रहने वाला है। उसके पास से एक मोबाइल और एक बिना नंबर प्लेट की सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है। विकास कुमार हाल ही में जेल से छूटा है। उसे सतबरवा पुलिस ने ही एक अन्य मामले में गिरफ्तार करके जेल भेजा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने रांची से डालटनगंज की ओर जा रहे चार कोयला लदे ट्रकों को पकड़ा। उचित कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उनके चार चालकों तथा एक खलासी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। कोयला लदे सभी ट्रकों को जब्त कर लिया गया है। इन वाहनों में ट्रक संख्या जेएच19बी9915, जेएच 19 ए5244, जेएचओ 2बीपी 9366 और जेएच10 सीडी 8734 शामिल हैं। इस अभियान में थाना प्रभारी अंचित कुमार, एएसआई राजीव रंजन (दो), एएसआई सुबोध कुमार, बसंत दूबे, हवलदार सुनील राम, आरक्षी शेखर उरांव अमरदीप कुमार पाल, सिल्क उरांव तथा संजय तिग्गा शामिल थे।

ODISHA

सुंदरगढ़ में स्वचालित ड्राइविंग परीक्षण प्रणाली का शुभारंभ

SUNDARGADH : सुंदरगढ़ क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा स्वचालित ड्राइविंग परीक्षण प्रणाली शुरू की गई है। इस व्यवस्था के अनुसार, ड्राइविंग टेस्ट वर्तमान में टेस्टिंग ट्रैक पर स्थापित सीसी टीवी कैमरों और वीडियो विश्लेषणात्मक प्रणाली के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इस सिस्टम के तहत निर्धारित समय के अंदर छह टेस्टिंग ट्रैक पर चार पहिया निर्भुल वाहन चलाने वाले आवेदक तुरंत पास हो सकते हैं। इसी तरह दोपहिया वाहनों के लिए भी अलग ट्रैक है। क्षेत्रीय परिवहन विभाग, सुंदरगढ़ के अनुसार, इस प्रणाली के माध्यम से, ड्राइविंग लाइसेंस आवेदक बिना किसी त्रुटि के आसानी से अपना लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं और इसमें समय भी कम लग सकता है। इस दौरान पूर्व क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुकांत कुमार दास, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परसूराम साहू, एमवीए दलानी साहू, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी नंदिनी मुंडारी सहित परिवहन विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पिता ने सोए हुए बेटे की टांगिया मारकर की हत्या

BANAYE : सुंदरगढ़ जिले के लहुणी पाड़ा थाना क्षेत्र के बूढ़ाभुई गांव में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। पिता फ्रांसिस ओरम अपने पुत्र पात्रस ओरम की टांगी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बेटे की हत्या करने वाले पिता को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के मुताबिक पात्रस ओरम और पिता फ्रांसिस ओरम के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।झगड़ा के कुछ देर बाद पिता पुत्र घर आए , तब पिता फ्रांसिस का गुस्सा शांत नहीं हुआ था। उसका बेटा पात्रस घर में सो रहा था, तो पिता ने एक तेज टांगिया उठाया और अपने बेटे की गर्दन पर वार करता रहा। पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आरोपी पिता को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

तेज आंधी और बारिश के बाद गर्मी से राहत

RAURKELA : राउरकेला। शहर में शनिवार को तेज आंधी आई और इसके बाद बारिश हुई। भारी बारिश के कारण जहां शहर का पारा कम हुआ और शहर के लोगो को गर्मी से राहत मिली, वही कई पेड़ उखड़ गए, वाहन नष्ट हो गए हैं। दुकानें और घर नष्ट हो गए हैं। बारिश से लू से राहत को लेकर लोगों में नई उम्मीद लेकर आई है।

बढ़ता जा रहा लू से मौत का आंकड़ा

RAURKELA : जिले में लू से मरने वालों की संख्या 25 तक पहुंच गई। सुंदरगढ़ जिले सहित राउरकेला में मौतों और संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करने के लिए राज्य स्वास्थ्य विभाग के तीन वरिष्ठ अधिकारी राउरकेला पहुंचे। सुंदरगढ़ के 3 वरिष्ठ डॉक्टर उनके साथ हैं। स्थिति की समीक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी आज राउरकेला पहुंची। आरजीएच के निदेशक, अधीक्षक और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित थे। लू से कैसे निपटा जाए इस पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सकों को प्रत्येक वार्ड में आवश्यक संख्या में कूलर की व्यवस्था करने तथा प्रत्येक मरीज को उचित चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि मरीजों को लू से बचाया जा सके। विभागीय डॉक्टरों से कहा गया है कि गंभीर मरीजों को जहां आवश्यक हो, उचित सुविधाओं वाले निजी अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाए। हिट स्ट्रोक के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आरजीएच के विशेष वार्डों की संख्या बढ़ाकर 4 कर दी गई है। आपातकालीन चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सुंदरगढ़ जनरल अस्पताल से एक मेडिकल टीम आरजीएच पहुंची है। घटना की जांच के लिए आरजीएच अधीक्षक डॉ. सुधारानी प्रधान के नेतृत्व में 4 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। कल और आज मरने वाले मरीजों का पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सलाह दी कि जब तक कोई जरूरी काम न हो, दिन 10 बजे से सुबह 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें। आरजीएच में इलाज के दौरान अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है।अन्य की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि जिनकी मौत हुई है, वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा कि लू से हुई या किसी अन्य कारण से।दूसरी ओर, सुंदरगढ़ के सांसद जोएल ओराम, राउरकेला बार एसोसिएशन और कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने आरजीएच अधिकारियों के साथ स्थिति पर चर्चा की है। मौत के कारणों की जांच के लिए सुंदरगढ़ से एक तथ्यान्वेषी टीम, राज्य स्वास्थ्य विभाग की एक टीम और एक केंद्रीय स्वास्थ्य टीम राउरकेला आई है।

रविशंकर प्रसाद मीसा और रामकृपाल की किस्मत

ईवीएम में कैद आरजेडी-बीजेपी के समर्थक भिड़े

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में पटना जिले की दो लोकसभा सीट पटना साहिब और पाटलिपुत्र में वोटिंग खत्म हो गई है। पटना साहिब में कुल 45% वोटिंग हुई है, जबकि पाटलिपुत्र में 56.91 % मतदान हुआ है। वहीं, पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में बिहटा के राजपुर बूथ संख्या 228 पर राजद और बीजेपी के पोलिंग एजेंट आपस में भिड़ गए। दोनों ओर जमकर रोड़ेबाजी हुई है। मामले की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मौके पर पहुंचे। छानबीन की जा रही है। इधर, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव राजद का गमछा ले कर मतदान केंद्र पहुंचे थे। इसको लेकर भाजपा ने नई दिल्ली स्थित मुख्य निर्वाचन आयुक्त, राज्य

के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के सामने शिकायत दर्ज कराया है। आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा ने पटना साहिब लोकसभा के बूथ नंबर 60 पर मतदान किया है। उन्होंने वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया है। पाटलिपुत्र लोकसभा के सगुना मोड़ स्थित मध्य विद्यालय बूथ संख्या 113 पर ईवीएम मशीन खराब हो गई थी। इससे कई वोटरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और उनके बेटे लव सिन्हा एक साथ पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के एसटी सर्वेस स्कूल में वोट देने पहुंचे थे। लव सिन्हा ने कहा कि अगर तेजस्वी यादव सत्ता में आएंगे तो उन्होंने जो नौकरी का वादा किया है, वह पूरा करेंगे। पिताजी चाहे बिहारी बाबू हो...बंगाली बाबू हो...हिंदुस्तानी बाबू हो, वह जहां जाते हैं अच्छा ही करते हैं। मतदान करने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि जो लोग संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाह रहे हैं, जिन लोगों ने महंगाई बेरोजगारी बढ़ाई है। वोट के जरिए चोट करें। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बख्तियारपुर स्थित मतदान केंद्र पर

मतदान किया। इसके बाद परिवार वालों से मिलने के लिए पहुंचे। वहीं, पाटलिपुत्र विधानसभा क्षेत्र के मसौढ़ी स्थित सरपरसा गांव के बूथ संख्या 267 पर लोगों ने वोट बहिष्कार कर दिया। रोड और स्कूल को लेकर करीब 700 लोगों ने बहिष्कार किया है। रोहिणी आचार्य ने कहा कि अपना वोट बहनों के नाम समर्पित किया है। वहीं, तेज प्रताप यादव ने कहा कि 4 जून के बाद कुछ बड़ा फैसला होगा। मोदी जी भी मौन में चले गए हैं।

संक्षिप्त डायरी

जिला विधिज्ञ संघ चुनाव को लेकर नामांकन अधिवक्ताओं से वोट करने की अपील

गोपालगंज। में जिला विधिज्ञ संघ चुनाव को लेकर नामांकन के चौथे दिन प्रत्याशियों की काफी भीड़ वकालत खाना में लगी रही। विभिन्न पदों के लिए संबंधित पद के लिए प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं, महासचिव पद के लिए निवर्तमान प्रभारी अध्यक्ष विमलेंदु कुमार द्विवेदी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ वकालत खाना पहुंचे और निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। दरअसल, जिला विधिज्ञ संघ चुनाव को लेकर 28 पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पिछले 3 दिनों में 30 से ज्यादा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर अपने-अपने जीत के दावे पेश कर रहे हैं। वहीं, बार एसोसिएशन के प्रभारी अध्यक्ष विमलेंदु कुमार द्विवेदी ने भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर मतदाताओं से एक बार फिर वोट कर जीत दर्ज कराने की अपील की गई। इस मामले में उन्होंने कहा कि आज मैंने महासचिव पद के लिए नामांकन किया है। अधिवक्ताओं का समर्थन मिल रहा है। सफलता भी मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी तक मैं उपाध्यक्ष पद था। 6 माह के लिए मुझे प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया था। अपने कार्यकाल के दौरान मैंने किसी भी अधिवक्ता और अपने ताईद को सूचना मिलने के बाद तत्काल वहां पहुंचकर उनकी मदद करने की कोशिश की है। इस आधार पर हम अपना समर्थन मांग रहे हैं। मुझे समर्थन भरपूर मिल रहा है। चुनाव जीतने के बाद हमारी प्राथमिकता होगी की बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित कर जो भी समस्या है चाहे वह अधिवक्ता की हो या ताईद की सभी समस्याओं को दूर करने का हम प्रयास करेंगे। बता दें की अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और अंकेक्षक के एक एक उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सहायक सचिव और पुस्तकालय के सदस्य के तीन तीन पद, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के पांच एवं कार्यकारिणी सदस्य के सात पदों के लिए चुनाव हो रहा है। 3 जून नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 4 जून को होगी और 5 जून को दोपहर के 12 बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 जून को सुबह 8 बजे से शाम के 4 बजे तक मतदान होगा।

जहानाबाद में वोटिंग खत्म, शाम 5 बजे तक 50.23% मतदान

जहानाबाद। लोकसभा में वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 5 बजे तक 50.23% वोट पड़े हैं। मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के खजपुरा मतदान केंद्र संख्या-101 पर दो पक्षों में झड़प के बाद फायरिंग भी हुई है। इससे पहले रतनी फरीदपुर प्रखंड की बूथ संख्या 106 और 107 सरैया गांव के मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार किया था। सड़क की मांग को लेकर गांव के लोगों ने वोट नहीं देने का फैसला किया। इस गांव में करीब 1497 मतदाता है, लेकिन कोई भी मतदाता सेंटर पर वोट देने नहीं आया। हालांकि वोट बहिष्कार को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा लोगों को समझाने का भी प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर जिद पर अड़े रहे। बसपा प्रत्याशी डॉ अरुण कुमार अपने गांव मनियावा की बूथ संख्या 44 पर मतदान करने पहुंचे हैं। वहीं, बूथ संख्या 106, 107 पर लोगों ने वोट बहिष्कार किया है। बीडीओ, सीओ और निर्वाचन आयोग के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे हैं, लेकिन ग्रामीणों ने वोट देने से इनकार कर दिया है। इस लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा हैं जिसमें जहानाबाद में तीन, अरवल में दो और गया का एक विधानसभा क्षेत्र आता है। बसपा प्रत्याशी डॉक्टर अरुण ने कहा कि ये नीतिगत लड़ाई होती है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा वोट देना चाहिए। वोट देने के लिए जब निकले तो गर्मी से बचें और पानी का ज्यादा उपयोग करें। कहा मैं इस मिट्टी का हूं, मुझे सबसे प्यार है। हम लोगों को सबका भारी समर्थन मिल रहा है। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के मनियावा में बूथ संख्या 44 पर व्हील चेयर के जरिए वोट देने बुजुर्ग मतदाता पहुंचे हैं। घोसी मतदान केंद्र संख्या 169 पर मॉडल बुथ बनाया गया है। अनु कुमारी ने पहली बार मतदान किया है। उन्होंने कहा कि पहले मैंने मतदान किया, उसके बाद जाकर जलपान करूंगी। पहली बार वोट कर मैं अति उत्साहित हूं। जिला प्रशासन की तरफ से उसे प्रमाण पत्र भी दिया गया है। यहां मतदान केंद्र संख्या 178 पर महिला मतदान केंद्र बनाया गया है। जिस पुरुष ने पहला वोट डाला है, उनको प्रशासन की तरफ से प्रमाण पत्र भी दिया गया है और जिस महिला ने पहले वोट डाला है उसे भी प्रशासन की तरफ से प्रमाण पत्र दिया गया है। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 1670327 है। इसके लिए 1793 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें जहानाबाद में 897 अरवल में 458 और गया में 338 मतदान केंद्र बने हैं। इस लोकसभा क्षेत्र से कल 15 प्रत्याशी मैदान में है। एनडीए से जेडीयू के चंदेश्वर चंद्रवंशी और राजद से सुरेंद्र यादव हैं। दोनों के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं, इस लोकसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता की संख्या 873212 और महिलाएं की संख्या 797083 है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। डीएम अलंकृता पांडे ने बताया कि शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कराया जाएगा। डीएम ने डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण करते हुए पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए।

भागलपुर में खाना बनाने को कहा तो भागी पत्नी

भागलपुर। के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर में पति सुभाष पंडित ने पत्नी पार्वती देवी (28) को खाना बनाने के लिए कहा तो वो घर से फरार हो गई। तीन दिन तक घर नहीं लौटी। चौथे दिन परिजनों को ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव के ही एक बगीचे में वह अकेली बैठी हुई है। पार्वती को बुलाने के लिए सुभाष और परिजन पहुंचे। वह घर आने पर तैयार नहीं थी। किसी तरह परिजनों ने घर लाया। घर पहुंची तो कीटनाशक दवा खा ली। स्थिति को गंभीर देखते हुए परिजनों ने मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं इलाज के दौरान शनिवार की दोपहर पार्वती की मौत हो गई। घटना के संबंध में पति सुभाष पंडित ने बताया कि वह मजदूरी करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान पत्नी को खाना बनाने के लिए कहा। पत्नी ने समय पर खाना नहीं बनाया और घर से भाग गई। तीन दिन बाद उसे घर लाया गया। इसके बाद उसने घर में आकर सल्फास खा लिया। उसकी स्थिति गंभीर हो गई। घटना की जानकारी के बाद परिजनों ने आनन-फानन में भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 12 साल पहले सुभाष पंडित से हिंदू रीति रिवाज के साथ पार्वती की शादी हुई थी। शादी के बाद से ही सास और बहू के बीच अक्सर घरेलू विवाद हुआ करता था। सुभाष पंडित के फूफा अनूपलाल पंडित ने बताया कि हम लोगों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसमें उन्होंने सल्फास खा लिया।

लव मैरिज के बाद साले की हत्या अब पत्नी को छोड़ा

भागलपुर। में पांच साल पहले साले की हत्या की और अब अवैध संबंध के लिए पति अपनी पत्नी को रखने के लिए तैयार नहीं है। उसका दो बार गर्भपात तक करवा दिया। पिछले 2 साल से पीड़िता भटक रही है। सात साल पहले दंपती का लव मैरिज हुआ था। अब पति का अन्य महिलाओं से चक्कर चल रहा है। आरोपी पति अपनी पत्नी को लड़कियों की अश्लील फोटो भेजकर कहता है मैं इसी से शादी करूंगा। मुझे किसी का डर नहीं है। जहां जाना है जाओ। मेरा कोई बिगाड़ नहीं सकता है। आरोपी नाथ नगर थाना क्षेत्र रसीदपुर निवासी शंभू पासवान के बेटा गोविंद पासवान है। जो पुलिस लाइन में रसोइया है। पीड़िता शीशम ने परेशान होकर वरीय पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है। आरोपी पति फिलहाल पुलिस लाइन से फरार हो गया है। वो करीब एक साल से वहां काम कर रहा था। दोनों का 2015 में लव मैरिज हुआ था। लड़की के भाई को यह रिश्ता पसंद नहीं था। वो इस रिश्ते का विरोध करता था। इसी कारण आरोपी पति ने 2019 अपने साले की हत्या कर दी थी। इस मामले में वो जेल भी गया था। आवेदन में पीड़िता ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसने मेरा दो बार गर्भपात भी कराया है। मेरा पति भागलपुर पुलिस लाइन में काम करता है। मैं स्थानीय थाना, महिला थाना और वरीय पुलिस अधीक्षक तक आवेदन दे चुकी हूं, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सिटी एसपी श्री राज ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए महिला थाना को जांच के लिए कहा गया है।

चुनाव ड्यूटी में पति घर में मिली पत्नी की लाश

सहरसा। पुलिस लाइन के सरकारी क्वार्टर में महिला का शव मिला है। महिला के पति मिलन कुमार सहरसा पुलिस बल में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं और चुनाव ड्यूटी में कैमूर गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ आलोक कुमार, डीएसपी धीरेंद्र पांडेय, सदर थानाध्यक्ष श्रीराम सिंह पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं। महिला के परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक महिला का नाम वर्षा कुमारी (22) है, जिसकी मायका मुंगेर में है। महिला के पति नवगछिया का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि चुनाव ड्यूटी में महिला के पति कैमूर गए हैं। शनिवार की सुबह महिला के पति मिलन कुमार फोन किया तो पत्नी रिसीव नहीं की। इसके बाद मिलन ने पड़ोस में रहने वाले साथी को घर भेजा तो अंदर से कमरा बंद था। आवाज देने पर रूम नहीं खोला तो स्थानीय थाने को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर एसपी हिमांशु कुमार पहुंचे। एसपी ने बताया कि सिपाही चुनाव ड्यूटी में कैमूर गया है। उसकी पत्नी अकेले घर में थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाएगा। एसपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम बुलाई गई है, जो जांच शुरू कर दी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम बुलाई गई है, जो जांच शुरू कर दी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने कहा कि यह सुसाइड है या मर्डर। यह अभी कहना मुश्किल है। हम लोग दोनों एंगल से जांच कर कर रहे हैं। जांच पूरी होगी, तो पूरी जानकारी दी जाएगी।

मोतिहारी में बीजेपी विधायक बोले- स्कूल में कोई अधिकारी जांच करने आए तो बंधक बना लो

मोतिहारी। में बीजेपी विधायक सुनील मणि तिवारी ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ही आदेश चलेगा, ना की केके पाठक का। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर कोई पदाधिकारी स्कूल की जांच करने आए तो उसे बंधक बनाकर मुझे फोन करें। फिर मैं आकर उनसे पूछूंगा कि जब स्कूल में बच्चा है ही नहीं तो किस चीज की जांच करने आए हैं या पैसे की उगाही करने पहुंचे हैं। विधायक सुनील मणि तिवारी ने कहा कि मैंने अपने विधानसभा के सभी शिक्षा विभाग के अधिकारी को फोन कर कह दिया है कि आप अपने किसी भी अधिकारी को स्कूल जांच करने के लिए मत भेजिए। बता दें 29 मई को भीषण गर्मी के कारण प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में 350 बच्चे बेहोश हो गए थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके बाद स्कूलों में छुट्टी का आदेश जारी किया था। शाम तक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने आदेश जारी किया कि बच्चों की छुट्टी है, लेकिन टीचर्स को आना पड़ेगा। विधायक जी से इसी पर सवाल किया गया। जिस पर वे भड़क गए। आरजेडी प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि नीतीश कुमार का सुशासन का दावा खोखला है। आपके विधायक ही पदाधिकारियों को धमकी दे रहे हैं। जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे, कहीं से भी उचित नहीं है। भाजपा के विधायक के इस वीडियो पर कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसी भाषा को समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। निरीक्षण करने का सख्त निर्देश वीसी में दिया गया है। शत-प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण नहीं करने वाले पदाधिकारी और कर्मियों का दिनांक 30 मई से एक सप्ताह तक वेतन की कटौती की होगी।

लालू राजद का गमछा लेकर तेजस्वी व्हीलचेयर पर पहुंचे

बिहार। में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में सासाराम, काराकाट, बक्सर, जहानाबाद, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, नालंदा में वोटिंग हो रही है। मतदान को लेकर लोगों में खास उत्साह दिख रहा है। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव राजद का गमछा लेकर राबड़ी देवी और अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के साथ वोट डालने पहुंचे। सीएम नीतीश कुमार ने बख्तियारपुर में मतदान किया। वहीं तेजस्वी पैर में दर्द होने की वजह से व्हीलचेयर पर अपने भाई तेजप्रताप के साथ मतदान करने आए। कहीं फर्स्ट वोटर वोटिंग को लेकर उत्साहित दिखे तो बुजुर्गों भी मतदान के लिए घरों से निकले। तस्वीरों में देखिए बिहार में मतदान

समस्तीपुर रिलायंस ज्वेलर्स लूटकांड में दो बदमाश धराए

समस्तीपुर। शहर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेलर्स शो रूम से हुए करीब 8 करोड़ के जेवरात लूट कांड में जिला SIT को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर सूरत में छापेमारी कर लूट में शामिल दो लुटेरा को गिरफ्तार किया है, जिसकी निशानदेही पर सोना बिक्री का 4.85 लाख रुपए के साथ ही कुछ जवेरात भी बरामद करने में सफलता पाई है। सूरत से दोनों बदमाश को शनिवार को समस्तीपुर लाने के बाद घटना स्थल शो रूम ले जाया गया। SP विनय तिवारी ने पत्रकारों को पूरी घटना और कार्रवाई की जानकारी दी। गिरफ्तार बदमाश की पहचान वैशाली जिले के चकबालाधारी गांव के सत्यनारायण पासवान का बेटा राहुल पासवान और जिले के मोहनपुर थाने पत्थरघाट के रामउदेश्य के बेटे गगन राज के रूप में की गई है। रढ ने बताया कि 13 लोगों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान हो गई है। फरार लोगों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम का गठन किया गया है। जो काउंटिंग के बाद अपना काम शुरू करेगी। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बिहार के 10 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

बिहार। में भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। कई जिलों में बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 10 जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में गर्म दिन रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि, लू चलने को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। जिससे कुछ हद तक लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं बिहार में पिछले 3 दिनों में हीटवेव से 72 लोगों की मौत हो गई है। बिहार में पिछले 3 दिन में 71 लोगों की मौत हुई। इसमें सबसे अधिक औरंगाबाद में दो दिनों में 30 से ज्यादा मौत हो चुकी है। शनिवार को जमुई के झाझा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियोडीह उर्दू स्कूल के शिक्षक वासी अख्तर (490 की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया। लेकिन, पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही शिक्षक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हीटवेव की वजह से उनकी तबीयत खराब हुई थी। वहीं, शुक्रवार को 9 और मौत हुई। गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में बनाए गए हीट वेव वार्ड में पांच मरीजों की मौत हो गई। छपरा के मांझी में लू लगने से तीन लोगों की मौत हो गई।सासाराम के नासरीगंज चकबंदी कार्यालय में कार्यरत शेर अफजाल अहमद की चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। रोहतास में ट्रक चालक व तीन चुनाव कर्मियों की मौत हुई। वहीं, बिहारशरीफ में एक प्रधानाध्यापक की, लू के शिकार हुए पटना के मेदांता में इलाजरत बक्सर के एक व्यक्ति और आरा में एक शिक्षक की मौत हो गई। भोजपुर में मतदान कर्मी की शुक्रवार को मौत हो गई। अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी पर थे। वहीं चौरी थाना क्षेत्र के डीलिया गांव निवासी सुदामा कुमार (34) की भी हीट वेव से मौत हुई है। मौसम विभाग की ओर से आज एक ओर जहां पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना साहिब, बक्सर, पाटलिपुत्र, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद, भोजपुर और नालंदा के कई इलाकों में सुबह से ही कड़ी धूप निकलने की बात कही गई है। यहां अंतिम चरण में आज वोटिंग है। इन जिलों में तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी

ललित गर्ग

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है।

लो कसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा।

इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख

मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीर्घकालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है।

दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा शृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। दिल्ली के अनेक इलाकों में बढ़ती गर्मी के साथ जल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जीवनदायक वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त में दे रखी है। पानी, हवा एवं प्यार और आज वे ही विवादास्पद, दूषित और झूठी हो गयी हैं। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

संपादकीय

मोदी का यह मौन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शायद एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनके किसी भी कृत्य पर, किसी भी वक्तव्य पर, किसी भी विचार और अभिव्यक्ति की किसी भी भंगिमा पर सामान्य प्रतिक्रिया नहीं होती। प्रतिक्रियाओं की हिलोर उठती है जो एक तरफ इनके अनुयायियों, प्रशंसकों और भक्तों को उत्साहित, प्रफुल्लित और उमंगित कर देती है तो दूसरी ओर उनके निंदकों को चिढ़ा देती है, उनमें विरोध पैदा करती है और कभी-कभी दुर्दभनीय गुस्सा भी पैदा करती है। शायद इस समय मोदी दुनिया के एकमात्र नेता होंगे जिनकी इतनी कटु आलोचना की गई हो। मोदी बड़े ठहरे हुए अंदाज में स्वयं को दी गई गालियों की संख्या और प्रकृति का जिक्र करते हैं और यह भी कहते हैं कि वह गालीप्रूफ हो चुके हैं। उनकी मुद्रा से लगता भी यही है कि वे सचमुच गालीप्रूफ हो चुके हैं। अब चुनाव के दौर में एक-एक दिन में कई-कई रैलियों को अनथक संबोधित करने के बाद और विरोध तथा समर्थन की अनेकानेक प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के बाद प्रचार की समाप्ति पर उन्होंने 48 घंटे मौन व्रत साधना कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक पर करने का निर्णय लिया तो उनका यह भला सा लगने वाला कदम भी विपक्षियों को कुरेदे बिना नहीं रह सका। बहुत से लोग जो प्रधानमंत्री को एक ही तर्ज पर, एक ही भाषा में, लगभग एक जैसी विषयवस्तु के ईर्द-गिर्द मोटे-तगड़े, कटु-कर्कश वाक प्रहार करते ऊब गए थे, उन्होंने सचमुच राहत की सांस ली कि कम-से-कम 48 घंटे उन्हें शांति के प्राप्त होंगे। कायदे से विपक्ष को भी उस चुप्पी पर चैन की सांस लेनी चाहिए थी कि भले ही चुनाव के अंत में ही सही कुछ घंटे तो शांति मिल ही रही है, लेकिन 'झड़े में कूड़ा' फेंक दिया। कहा कि मोदी मौन रहकर कैमरे के जरिये अपना प्रचार कर रहे हैं, वो तप नहीं तमाशा कर रहे हैं और कुछ ने तो ये कह दिया कि हार के डर से भगवान की शरण में गए हैं। बहरहाल, विपक्ष का जो काम है वह कर रहा है लेकिन देश के लोग कामना कर सकते हैं कि जिस शिला पर कभी विवेकानंद ने तपस्या की थी उसी तरह से मोदी भी ध्यान-साधना समाप्ति के पश्चात ऐसे भारत की संकल्पना लेकर लौटेंगे जो सर्वसमावेशी हो, जिसकी शैली भद्रतापूर्ण लोकतांत्रिक हो, जिसकी व्यावहारिकता निंदा, आलोचना, आरोप-प्रत्यारोप की न होकर परस्पर समझदारी, सहयोग और सहकार की हो। मोदी ऐसी साधना कर रहे हों तो सफल हों।

चिंतन-मनन

समानता का संदेश

पैगंबर मोहम्मद साहब ने मक्का विजय के बाद एक नीग्रो गुलाम बिलाल को पवित्र काबा की छत पर चढ़कर नमाज के लिए अजान देने का हुक्म दिया। बिलाल ने कुछ ही समय पहले इस्लाम अपनाया था। जब वह पवित्र काबा की छत पर चढ़ा तो कुछ कुलीन अरब नागरिक चिल्लाकर बोले, ओह! बुरा हो उसका, वह काला हब्शी अजान के लिए पाक काबा की छत पर चढ़ गया।

अश्वेतों के प्रति यह पूर्वाग्रह देख पैगंबर मोहम्मद साहब परेशान हो गए। उन्होंने कहा, ऐ लोगो! यह याद रखो कि सारी मानव जाति केवल दो श्रेणियों में बंटी है। पहली धर्मनिष्ठ, खुदा से डरने वाली, जो खुदा की दृष्टि में सम्मानित है। दूसरी जो उल्लंघनकारी, अत्याचारी, अपराधी, निर्दयी और कठोर है, जो खुदा की नजर में गिरी हुई है। संसार के सभी लोग एक ही आदमी की औलाद हैं।

अल्लाह ने आदम को मिट्टी से पैदा किया था। इसकी सत्यता का प्रमाण पवित्र कुरआन में इन शब्दों में दिया गया है :ऐ लोगो! हमने तुमको एक मर्द और एक औरत से पैदा किया और तुम्हारी विभिन्न जातियां और वंश बनाए, ताकि तुम एक दूसरे को पहचानो। असल में अल्लाह की निगाह में तुममें सबसे अधिक सम्मानित वह है, जो अल्लाह से सबसे ज्यादा डरने वाला है। अल्लाह पूरी तरह खबर रखने वाला है।

मोहम्मद साहब ने अपने अनुयायियों को हमेशा रूप-रंग, जाति-नस्ल, ऊंच-नीच या किसी भी किस्म के भेदभाव से दूर रहने को कहा। इन उपदेशों से अरब प्रभावित हुए और उन्होंने उनका पूरी तरह पालन किया। उन्होंने इस्लाम अपनाने वाले गुलाम नीग्रो लोगों से अपनी बेटियां ब्याह कर उनसे सम्मानजनक संबंध बनाए।

क्या भारत में वरिष्ठ नागरिक होना गलत है?

क्या हमारे लिए अपना पूरा जीवन दाँव पर लगा देने वाले वरिष्ठ नागरिकों का हमारी नजरों में कोई मूल्य नहीं?

कुछ दिन पहले की बात है, मैं अपने घर से बाहर गली में टहल रहा था, मैं क्या देखता हूँ कि एक बुजुर्ग सज्जन सड़क के बीच कैंडी बेच रहे हैं, जो ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं। टेका लेकर चलने में एक छड़ी उनकी मदद कर रही थी। चेहरा कुछ जाना-पहचाना सा लग रहा था। मैं भीतर तक हिल गया, जब मुझे याद आया कि वे कौन हैं। वे हाई स्कूल के समय के मेरे गणित के शिक्षक थे। उन्हें इस हालत में देखकर मुझे गहरा सदमा लगा। मैं उसके पास गया और जैसे ही मैंने अपना परिचय दिया, उनके चेहरे के गंभीर भाव धीरे-धीरे बदलने लगे, और एक फीकी-सी मुस्कान उनके चेहरे पर दिखी। मेरे भीतर उसके साथ अधिक समय बिताने के लिए उत्सुकता काफी बढ़ गई और मैंने उन्हें सुझाव दिया कि हम पास के पार्क में थोड़ी देर साथ बैठते हैं। मैंने उन्हें सबसे पास वाली बेंच तक पहुँचने में मदद की और हम बैठ गए। शुरूआत में कुछ अनौपचारिक बातचीत के बाद, मेरी जिज्ञासा मुझ पर हावी हो गई और मैं पूछने से खुद को नहीं रोक सका, ₹सर, क्या वजह है, जो आप इस हाल में हैं?₹

मेरा प्रश्न सुनते ही उनके चेहरे के भाव एक बार फिर बदलने में क्षण भर का भी समय नहीं लगा, इस बार उनके झुरीदार चेहरे पर गहरी उदासी छा गई। उन्होंने मुझे बताया कि मुझे और मेरी पत्नी को कुछ वर्ष पहले एक दुर्घटना का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप मेरा एक पैर टूट गया और मेरी पत्नी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। पत्नी के निधन के बाद, कुछ समय तक तो मेरे दोनों बेटे मेरे साथ ही रहे, लेकिन एक-एक करके कुछ समय बाद दोनों विदेश वापस लौट गए। मैंने अपनी अधिकांश बचत अपने बेटों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा अर्जित करने और उन्हें विदेश भेजने में लगा दी थी। जो थोड़ा-बहुत पैसा बचा था, सो वह दैनिक जीवन के भरण-पोषण में लगता चला गया।

हालाँकि, पेंशन या बीमा पर भरोसा न करने के कारण, मेरी बचत कुछ ही समय में शून्य में तब्दील हो गई, जिसकी वजह से मैं भर पेट भोजन पाने के लिए भी मोहताज हो गया। जब मदद के लिए अपने बेटों से बात की और अपनी गंभीर परिस्थितियों के बारे में उन्हें बताया, तो उन्होंने कई तरह के बहाने बनाकर मुझसे जैसे किनारा ही कर लिया। कोई अन्य विकल्प न होने पर, पेट पालने के लिए जो कुछ भी कर सकता था, वह किया। दैनिक जरूरतें ही तो पूरी करना हैं, इसलिए मामूली आय के रूप में सड़कों पर घूम-घूमकर कैंडी बेचकर अपना गुजरा कर रहा हूँ। बच्चे जब मुझे देखते ही भागते हुए मेरे पास आ जाते हैं, तो मन को कुछ ऐसा सुकून मिल जाता है, जैसे अपने पोते-पोतियों से मिलने का मौका मिल गया हो। मेरे जीने और मुस्कुराने की सबसे बड़ी वजह ही ये बच्चे बन गए हैं।

उनकी कहानी ने मुझे भीतर तक झकझोर कर रख दिया। उस दिन मैंने यह महसूस किया कि वे इस दुर्दशा से अकेले नहीं जूझ रहे हैं। देश में ऐसे अनगिनत बुजुर्ग व्यक्ति हैं, जिन्हें अपने अंतिम दिनों में इसी तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वो बच्चे, जिनका जीवन बेहतर बनाने के लिए माता-पिता अपने जीवन का सुख-चैन तक हँसी-खुशी न्यौंछावर कर देते हैं, उनकी बेहतर परवरिश में कोई कसर नहीं छोड़ते, जो वे नहीं कर पाए, उनके बच्चे सब करें, ऐसी सोच रखते हैं, उन माता-पिता को समय आने पर अपने ही बच्चों से सिवाए धुत्कार कुछ नहीं मिलता। उम्र के अंतिम पड़ाव पर आकर उनके अपनों और यहाँ तक कि सरकारों द्वारा भी मौत के भरोसे छोड़ दिया जाता है, हाँ वही सरकार, जो सम्मानजनक जीवन के खोखले वादे करती है।

क्या उम्र बढ़ जाने से किसी व्यक्ति का मोल कम हो जाता है? क्या हमारा मोल सिर्फ भौतिक सुख-सुविधाओं से ही मापा जाता है? यदि हमारे युग की गंभीर वास्तविकता यही है, तो क्या इसका मतलब यह है कि 60 की उम्र पार करने के बाद बुजुर्ग पैसा खर्च करने के लायक नहीं हैं? या फिर इस उम्र में उनके कोई खर्चे ही नहीं होते हैं? कोई स्पष्ट तो करे कि इसे समझा क्या जाए? ऐसे हजारों प्रश्न हमारे समाज में बुजुर्ग नागरिकों के प्रति व्यवहार को चुनौती देते हैं और हमें अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

कुछ समय पहले, माननीय राज्यसभा सांसद जया बच्चन जी द्वारा एक महत्वपूर्ण बहस छेड़ी गई थी, जिसमें उन्होंने भावुक भाषण देते हुए कहा कि सरकार को 65 वर्ष की आयु तक पहुँचने के बाद वरिष्ठ नागरिकों को अनिवार्य रूप से मार डालना चाहिए, क्योंकि सरकार उन पर ध्यान ही नहीं दे रही है। इसके अलावा, उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए कुछ विशेष अधिकारों की माँग की। हालाँकि, यह बयान सुनने और देखने में उत्तेजक प्रतीत हो सकता है, लेकिन यह भारत की बुजुर्ग आबादी द्वारा सामना किए जाने वाले कुछ बेहद गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डालता है। ऐसा लगता है कि भारत में वरिष्ठ नागरिक न सिर्फ अपनों, बल्कि दूसरों को भी बोझ लगने लगे हैं। जीवन का सबसे अधिक तजुर्बा होने और हमें श्रेष्ठ जीवन देने के नाते उन्हें जो हकीकत में सम्मान और देखभाल मिलनी चाहिए, अब वह मॉडर्न जमाने में कहीं गुम हो गई है। नई दुनिया के ढकोसलों की चपेट में आकर शायद हम उनके अधिकारों को भूल बैठे हैं।

भारत में वरिष्ठ नागरिकों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। 70 वर्ष की आयु के बाद उन्हें चिकित्सा बीमा से वंचित कर दिया जाता है। यह सबसे बड़े कारणों में से एक है कि उनकी उम्र बढ़ने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा उनकी पहुँच से बाहर होती जाती है। इतना ही नहीं, लोन और ड्राइविंग लाइसेंस तक पहुँच को भी प्रतिबंधित कर दिया जाता है, जिससे उनकी स्वतंत्रता आपो-आप ही सीमित हो जाती है। बात यहीं आकर खत्म नहीं होती, सरकार को आजीवन भर-भर कर टैक्स और प्रीमियम्स देने और समाज में तमाम तरह के योगदान देने के बावजूद उनके लिए रोजगार के अवसर कम ही हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं।

यदि हम अब भी नहीं पहचान सकें कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए एक अमूल्य संपत्ति हैं, तो बहुत देर हो जाएगी। वे ज्ञान, मार्गदर्शन और हमारी विरासत से हमें जोड़कर रखने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं। वे हमारे समाज के नैतिक ढाँचे को आकार देने में मदद करते हैं और परंपराओं को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं।

सरकार को चाहिए कि वह देश के वरिष्ठ नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता दे। वे पूरे देश से समर्थन के पात्र हैं, जिसमें पेंशन, यात्रा रियायतें, सरकारी सहायता के साथ अनिवार्य बीमा और कानूनी मामलों का तुरंत समाधान शामिल है। प्रत्येक शहर में आवास के माध्यम से आवश्यक सुविधाओं के साथ वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है और समुदाय की भावना को बढ़ावा दिया जा सकता है।

संक्षेप में, यह जरूरी है कि हम वरिष्ठ नागरिकों के उस अपार मूल्य को स्वीकार करें, जो वे हमारे समाज में लाते हैं और उन्हें वह देखभाल, सम्मान और समर्थन प्रदान करें, जिसके वे उचित हकदार हैं, क्योंकि उन्होंने अपना पूरा जीवन हमारी देखभाल करने में बिता दिया है, इसलिए अब बारी हमारी है।

- अतुल मलिकराम

मुद्दा : चुनावों में पारदर्शिता पर जोर



रजनीश कपूर



वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव अपने अंतिम चरण तक पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में सभी को चुनावी एग्जिट पोल और 4 जून का बेसब्री से इंतजार रहेगा। सभी यह देखना चाहेंगे कि विवादों में घिरी 'ईवीएम' किसकी सरकार बनाएगी? हर राजनैतिक दल बड़े-बड़े दावे कर रहा है कि उसका दल या उसके समर्थन वाला समूह सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में यह भी देखना जरूरी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग जिसकी कार्यशैली पर कई सवाल उठे, वह इस चुनाव को कितनी पारदर्शिता से संपूर्ण करेगा?

देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनैतिक दल अपने अपने वोटरों के पास अगले पांच साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े-बड़े वादे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं, परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनैतिक वादे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं? चुनाव का आयोजन करने वाली सर्वोच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर काफी विवाद रहा। हर विपक्षी दल ने एक सुर में यह आवाज लगाई कि देश से ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए, परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा। इन विवादों के बाद चुनाव की मतगणना को लेकर फॉर्म 17सी पर एक नई बहस उठी जो देश की शीर्ष अदालत जा पहुंची। दरअसल, फॉर्म 17सी वह फॉर्म होता है जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत देशभर के प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकार्ड होता है। फॉर्म 17सी में मतदान केंद्र के कोड नंबर और नाम, मतदाताओं की संख्या। उन मतदाताओं की संख्या जिन्होंने मतदान न करने का निर्णय लिया। उन मतदाताओं की संख्या जिन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। दर्ज किए गए वोटों की संख्या। खारिज किए गए वोटों की संख्या। वोटों के खारिज करने के कारण। स्वीकार किए गए वोटों की संख्या। डाक मतपत्रों का डाटा भी शामिल होता है। इस जानकारी को मतदान अधिकारियों द्वारा भरा जाता है और प्रत्येक बूथ के पीठासीन अधिकारी द्वारा जांचा भी जाता है। मतगणना के दिन, गिनती से पहले, फॉर्म 17सी के दूसरे भाग में प्रत्येक बूथ से गिने गए कुल वोट व डाले गए कुल वोटों की समानता को जांचा जाता है। यह व्यवस्था किसी भी पार्टी द्वारा वोटों में हेरफेर से बचने के लिए बनाई गई है। यह डाटा मतगणना केंद्र के पर्यवेक्षक द्वारा दर्ज किया जाता है। प्रत्येक उम्मीदवार (या उनके प्रतिनिधि) को फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होता है, जिसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जांचा जाता है। इसके बाद ही मतों की गिनती शुरू होती है। गौरतलब है कि मतदान डाटा का उपयोग चुनाव परिणाम को कानूनी रूप से चुनौती देने के लिए किया जा सकता है। एक ओर जहां चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ पर सवाल उठाया गया है वहीं फॉर्म 17सी से मतदान में हुई गड़बड़ी (यदि हुई हो तो) का पता चल सकता है।

जिस तरह पहले और दूसरे चरण के मतदान के आंकड़ों को जारी करने में देरी व बदलाव को लेकर चुनाव आयोग पर प्रश्न उठा तो विपक्ष ने फॉर्म 17सी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। देश की शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग ने अपना पक्ष रखा और विपक्षी पार्टियों ने अपना पक्ष रखा, परंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं दिया। बीते सप्ताह देश के नामी वकील और सांविधानिक विशेषज्ञ कपिल सिब्बल ने प्रेस सम्मेलन में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एक चेकलिस्ट जारी की। सिब्बल ने हर राजनैतिक दल और उनके मतदान/मतगणना एजेंटों के लिए आगामी 4 जून को आम चुनाव की गिनती से पहले जारी की गई इस चेकलिस्ट के माध्यम से यह समझाया है कि उन्हें कब क्या देखना है। सिब्बल के अनुसार ह्यबहुत से लोग कह रहे हैं कि इन मशीनों के साथ संभवतः छेड़छाड़ की गई है। इसलिए, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके साथ कोई छेड़छाड़ न हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।' सिब्बल की इस चेकलिस्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। जिस तरह चुनाव आयोग इवीएम और वीवीपैट को लेकर पहले से ही विवादों में घिरा हुआ है उसे चुनाव में पारदर्शिता का न केवल दावा करना चाहिए बल्कि पारदर्शी दिखाई भी देना चाहिए।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

The Bhima Koregaon saga of injustice

ALPA Shah, whose family hailed from Gujarat, was raised in Nairobi, where my deceased wife, Melba, was born and lived till the age of 10. The Mau Mau movement in Kenya forced many families of Indian origin to leave that country. The Menezes of Goa — to which my wife belonged — was among the few families that returned to India. They sailed back to Goa, while Alpa emigrated to England.She studied at Cambridge University and the London School of Economics, where she is presently a professor of anthropology. She is the author of Nightmarch and In the Shadows of the State. But it is her recent book, The Incarcerations: Bhima Koregaon and the Search for Democracy in India, that got me acquainted with this intrepid warrior for human rights.

Incarcerations was published in March. Alpa has delved into the personal history of each of the 16 men and women accused of being members of a banned Maoist organisation that was allegedly plotting to kill Prime Minister Narendra Modi. The accusation of plotting to kill Modi appears to have been added for effect. It was not repeated during the investigations.

Those arrested in the Bhima Koregaon case were a motley crowd of lawyers, academics, writers, poets and even balladeers, some not even known to the others, like Kabir Kala Manch poet Sudhir Dhawale, singers Ramesh Gaichor, Sagar Gorkhe and Jyoti Jagtap.Each of them spent many years in jail without being convicted, without even being tried! Since they were arrested under the draconian UAPA (Unlawful Activities Prevention Act), the process was phased to become the sentence. Bail is almost impossible to obtain in UAPA cases. The charges against the Bhima Koregaon accused have not yet been framed, though the first arrests were made in 2018. A few of them are on bail. Some are still in prison. Their trial is not likely to start anytime in the near future.

'Bail, not jail' was the principle laid down by Justice VR Krishna Iyer, one of the most respected jurists to have graced the Supreme Court. His elder brother, VR Laxminarayanan, an IPS colleague of mine, served in the CBI. The UAPA was meant to neutralise the 'mischief' of that legal principle in cases where the security of the nation was said to be threatened. But in actual practice, it has been turned into an instrument of injustice, confining citizens arrested under that Act to incarceration without trial for years together.The 16 incarcerated activists belong to different communities. There are four Christians — Fr Stan Swamy (now deceased), a Jesuit priest born in an affluent landholding family of Tamil Nadu, Vernon Gonsalves and Arun Ferreira of Mumbai and Rona Wilson of Kerala. There is one Muslim, Hany Babu, also from Kerala, and seven Dalit rights activists — Anand Teltumbde, married to Rama, granddaughter of Dalit icon BR Ambedkar, Jyoti Jagtap, Sagar Gorkhe, Ramesh Gaichor, Sudhir Dhawale, Surendra Gadling and Shoma Sen.The rest were upper-caste Hindus — Bharadwaj, Mahesh Raut (a forest rights activist from Gadchiroli), Gautam Navlakha, a human rights activist whose partner Sabha Husain was a women's rights activist, and Varavara Rao, a left-oriented poet from Hyderabad who had been in prison earlier for his poems and activities.

Bharadwaj and Fr Swamy were fighting for tribal rights. Bharadwaj was born in the US to Indian parents who were academics. She had a US passport, which she surrendered when she decided to spend her life with the tribals fighting for their due by law. She studied at IIT-Kanpur. Bharadwaj spent three years in jail before being released by the Bombay High Court. Her only 'crime' was taking up the cause of tribals who were being dispossessed of their land in Chhattisgarh.Under Fr Swamy's leadership, tribals were made aware of their rights in accordance with the laws in force. These laws militated against the mining of iron ore and coal in tribal lands. Many corporate groups were hit by the objections raised by the Ho tribals of Jharkhand, prompted by Fr Swamy. He spent a year in jail and died in judicial custody.Teltumbde was an engineer who worked for two decades at Bharat Petroleum before he was appointed CEO and Managing Director of Petronet India, an oil and gas production company in the public sector. Before he retired.

Juvenile justice must balance punishment with rehabilitation

The legal framework offers various options for dealing with offenders, including the application of the strictest measures.

IN the aftermath of the May 19 Pune accident, in which two young bike-borne engineers were fatally hit by a Porsche car driven by a 17-year-old boy, a web of cover-ups and misuse of power has emerged, involving politicians, doctors and law enforcement officials.

The minor had reportedly been drinking at pubs before the accident. A local MLA is accused of influencing the investigation and is linked to doctors who allegedly tampered with the teenager's blood sample to conceal alcohol consumption. The Juvenile Justice Board, particularly its non-judicial member, has faced flak for initially granting bail to the boy on lenient conditions like writing an essay. The minor's father and grandfather have been accused of wilful neglect and manipulating evidence and witnesses, including an alleged attempt to coerce their driver into taking the blame for the mishap. Police officials have been suspended for mishandling the case. The lapses on their part include a delayed collection of the teen's blood sample and initially pressing less serious charges.The case underscores the complex interplay of influence and accountability, highlighting significant lapses and raising questions about the integrity of not only the juvenile justice system but the criminal justice system in general, which can be manipulated by the rich and powerful. Besides, such cases demonstrate that some minors display adult-level criminal behaviour.

Heinous crimes, such as rapes, violent assaults and fatal accidents, being committed by juveniles across the world highlight this trend. In England and Wales, stop and searches involving children rose by 13 per cent in one year, and arrests increased by 9 per cent, pointing to a rise in youth involvement in serious offences. The reoffending rate among juveniles in the UK has increased to 32.2 per cent, suggesting that the current system may not be addressing the root causes of juvenile delinquency.

